शकुन टाइम्स

निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज

लखनऊ, सोमवार 24 फरवरी 2025 नगर संस्करण | पृष्ठ:-8 मूल्य:-4 रूपया | वर्षः- 14, अंक 51

बंगलादेश तय करे कि भारत के साथ... • लखनऊ से प्रकाशित हिंदी दैनिक समाचार पत्र • बोले-चैंपियंस ट्रॉफी में एक और अध्याय...

योग कर रहे स्कूल प्रबंधक का सिर धड़ से अलग

प्रबंध समिति चुनाव के विवाद में धारदार हथियार से हत्या

एजेंसी

जालौन। यूपी के जालौन में बेहद दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया गया है। यहां तीन स्कूलों के संचालक की सरेराह धड़ से गला अलग कर मौत के घाट उतार दिया गया। वारदात को उस समय अंजाम दिया गया जब स्कूल प्रबंधक योग कर रहे थे।

योग के लिए जैसे ही उन्होंने अपना सिर झुकाया, धारदार हथियार से वार कर दिया गया। घटना रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलउवा में हुई है। वारदात की जानकारी मिलते ही हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शुरुआती छानबीन में हत्या की वजह प्रबंध समिति चुनाव को लेकर विवाद बताया जा रहा है। रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिलउवा निवासी 68 वर्षीय विद्याराम जाटव रोक की तरह घर से मॉर्निंग वॉक के लिए निकले थे। इसके बाद वह गांव के बाहर प्राइमरी स्कूल के पास नाले पर बनी पुलिया में योग कर रहे थे। इसी दौरान योग के लिए झुकते ही उनकी गर्दन पर धारदार हथियार से प्रहार कर सिर को धड़ से अलग कर दिया गया। उनका सिर नीचे लुढ़क गया और धड़ पुलिया पर ही योग की मुद्रा में रह गया। ग्रामीणों ने परिजनों और पुलिस को सूचना दी तो हड़कंप मच गया। पुलिस फोर्स के साथ ही फोरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। लोगों ने बताया कि मारे गए विद्याराम जाटव के तीन स्कूल सेवा निकेतन विद्यालय, भीमराव जूनियर हाईस्कूल स्कूल, भीमराम जूनियर इंटर कालेज संचालित होते हैं। इसकी प्रबंधक उनकी पत्नी प्रेमा देवी हैं। 2019 स्कूल से अनियमितता मिलने पर हटा गय दिया था। परिजनों के मुताबिक इस दौरान रामखिलावन को प्रिंसिपल पद से हटा दिया था।

सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत, चार घायल

भभुआ। बिहार में कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र में रविवार की सुबह सड़क दुर्घटना में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गयी तथा चार अन्य घायल हो गये।

पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि स्कार्पियो पर सवार लोग प्रयागराज के महाकुंभ में स्नान करने के बाद लौट रहे थे। इस दौरान चिलबिली ओवरब्रिज के समीप स्कॉर्पियो की सड़क किनारे खड़े ट्रक से टक्कर हो गयी। इस घटना में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूत्रों ने बताया कि मृतकों की पहचान नहीं की जा सकी है। घायलों को भभुआ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये भेज दिया गया है।

विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी लगा चुके है महाकुंभ में डुबकी : सीएम योगी

एजेंसी

महाकुंभनगर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुम्भ नगर में पहुंचकर साधु-संतों से भेंट करने के बाद कहा कि अब तक विश्व के आधे से अधिक सनातन धर्मावलंबी स्नान कर चुके हैं, जो सनातन संस्कृति की अद्वितीय आस्था और शक्ति को दर्शाता है। मुख्यमंत्री सबसे पहले विष्णुस्वामी संप्रदाय की सतुआ बाबा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने महामंडलेश्वर संतोषाचार्य जी महाराज 'सतुआ बाबा' से भेंट की। इसके बाद वे श्री कांची कामकोटि पीठ के शिविर में पहुंचे और शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान उन्होंने कांची पीठ के पूर्व शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर आरती उतारी। वहीं शंकराचार्य श्री शंकर विजयेन्द्र सरस्वती ने महाकुंभ की व्यवस्थाओं के लिए मुख्यमंत्री की प्रशंसा की और 60 करोड़ से अधिक सनातनियों के महाकुंभ में स्नान करने को भी सराहा। मुख्यमंत्री योगी ने कांची कामकोटि पीठ के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि इस पूज्य पीठ की परंपरा ने सनातन धर्म के जनजागरण और अभिवृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि जब भी सनातन धर्म के सामने कोई संकट आया, कांची पीठ ने आगे बढ़कर उसका समाधान किया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन हो या नेपाल संकट, इस पीठ ने सदैव धर्म की रक्षा के लिए प्रयास किए हैं।

राजधानी एक्सप्रेस से कटकर मां बेटी की मौत

औरैया। उत्तर प्रदेश के औरैया जिले में रविवार की सुबह दिबियापुर फफूंद स्टेशन के निकट राजधानी एक्सप्रेस से कटकर मां बेटी की मौत हो गई । आधिकारिक सूत्रों ने यहां इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि दिबियापुर फफूंद स्टेशन के निकट बिझाई गांव निवासी सतगुरु रैदास पुलंबर का काम करता है। उसकी पत्नी व बेटी मजदूरी करके जीवन यापन करते है। आज सुबह करीब साढ़े दस बजे सतगुरु की पत्नी सीता और उसकी 14 वर्षीय बेटी अलका लाइन पार खेतो में लहा काटने जा रही थी। रेलवे लाईन क्रॉस करते समय वह अचानक राजधानी एक्सप्रेस की चपेट में आ गयीं। सूचना पर दिबियापुर थाना पुलिस मौके पर आ गई और मामले की जांच पड़ताल की। उधर कुछ ग्रामीणों का यह भी कहना था घर में आर्थिक संकट के कारण अक्सर विवाद होता रहता था। बीती रात भी जमकर विवाद हुआ था। जिस कारण दोनो ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या की है। मृतका के दो छोटे बेटे हैं। दिबियापुर थाना प्रभारी मुकेश बाबू का कहना है।

पीएम मोदी ने किया कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

बागेश्वर धाम में अब भजन और भोजन के साथ मिलेगा निरोगी जीवन

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को मध्य प्रदेश के छतरपुर के गढ़ा गांव में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान शोध संस्थान की आधारशिला रखी। इस दौरान वहां मुख्यमंत्री मोहन यादव और धीरेंद्र शास्त्री भी मौजूद रहे। इसके बाद पीएम मोदी ने एक जनसभा को भी संबोधित किया। इससे पहले पीएम ने बागेश्वर धाम में बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, ये हनुमान जी की कृपा है कि आस्था का ये केंद्र अब आरोग्य का भी केंद्र बनने जा रहा है। अभी मैंने यहां श्री बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान का भूमिपूजन किया है। ये संस्थान 10 एकड़ में बनेगा। पहले चरण में ही इसमें 100 बेड की सुविधा तैयार होगी। मैं इस पुनीत कार्य के लिए श्री धीरेन्द्र शास्त्री जी का अभिनंदन करता हूं और बुंदेलखंड के लोगों को बहुत बहुत बधाई देता हूं। पीएम मोदी ने कहा, आज कल हम देखते हैं कि नेताओं का एक वर्ग ऐसा है जो धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है, लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती है।% उन्होंने कहा कि हिंदू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग, सदियों से किसी न किसी वेष में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे हुए ये लोग हमारे मत, मान्यताओं और मंदिरों पर, हमारे संत, संस्कृति और सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं।

पीएम ने कहा, ये लोग हमारे पर्व, परंपराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर ये किचड़ उछालने की हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना और उसको तोड़ना ही इनका एजेंडा है। पीएम मोदी ने कहा, इस माहौल में मेरे छोटे भाई धीरेन्द्र शास्त्री जी काफी समय से देश में एकता के मंत्र को लेकर लोगों को जागरूरत करते रहे हैं। अब उन्होंने समाज और मानवता के हित में एक और संकल्प लिया है। इस कैंसर संस्थान के निर्माण की ठानी है। यानि, अब यहां बागेश्वर धाम में भजन, भोजन और निरोगी जीवन तीनों का आशीर्वाद मिलेगा। पीएम मोदी ने कहा, हमारे मंदिर, हमारे मठ, हमारे धाम... ये एक ओर पूजन और साधन के केंद्र रहे हैं, तो दूसरी ओर विज्ञान और सामाजिक चेतना के भी केंद्र रहे हैं। हमारे ऋषियों ने ही हमें आयुर्वेद का विज्ञान दिया।

हमारे ऋषियों ने ही हमें योग का वो विज्ञान दिया, जिसका परचम आज पूरी दुनिया में लहरा रहा है। पीएम मोदी ने कहा, जब देश ने मुझे सेवा का अवसर दिया, तो मैंने 'सबका साथ, सबका विकास' के मंत्र को सरकार का संकल्प बनाया और, 'सबका साथ, सबका विकास' के इस संकल्प का भी एक बड़ा आधार है- सबका इलाज, सबको आरोग्य।

मध्यप्रदेश में पीएम ने महाकुंभ का किया जिक्र

पीएम मोदी ने कहा, आज कल हम देख रहे हैं महाकुंभ की हर तरफ चर्चा हो रही है। महाकुंभ अब पूर्णता की ओर है। अब तक करोड़ों लोग वहां पहुंच चुके हैं। करोड़ों लोगों ने आस्था की डुबकी लगाई है, संतों के दर्शन किए हैं। अगर इस महाकुंभ की तरफ नजर करें तो सहज भाव उठ जाता है- ये एकता का महाकुंभ है। उन्होंने कहा कि इस एकता के महाकुंभ में हजारों डॉक्टर्स, हजारों स्वयंसेवक स्वतः स्फूर्त भाव से, समर्पित और सेवाभाव से इसमें लगे हुए हैं। जो लोग एकता के इस महाकुंभ में जा रहे हैं वो इन प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। ऐसे ही भारत में कितने ही बड़े-बड़े अस्पताल भी हमारे धार्मिक संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे हैं।

पासपोर्ट को नागरिकता का एकमात्र सबूत नहीं माना जा सकता: सत्र न्यायालय

एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र की एक सत्र अदालत के अनुसार पासपोर्ट को नागरिकता का एकमात्र प्रमाण नहीं माना जा सकता है और इसी तरह के कई दस्तावेजों में से आधार कार्ड और पैन कार्ड जैसे दस्तावेज यह दर्शाते हैं कि धारक एक भारतीय नागरिक है, जब तक कि सक्षम अधिकारियों द्वारा इन्हें फर्जी नहीं ठहराया जाता है।

अदालत ने कहा, पासपोर्ट को नागरिकता का एकमात्र प्रमाण नहीं माना जा सकता है। कई भारतीय नागरिकों के पास पासपोर्ट नहीं है, लेकिन यह उन्हें विदेशी नहीं बनाता है। इसलिए, जब तक कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, आयकर रिटर्न, एलआईसी पॉलिसी, राशन कार्ड, गृह कर रसीद, घरेलू गैस रसीद, उद्यम पंजीकरण प्रमाण पत्र, दुकान और स्थापना प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र और आवेदक की बिक्री विलेख प्रतिलिपि जैसे दस्तावेजों को जब तक सक्षम अधिकारियों द्वारा फर्जी नहीं माना जाता है, तब तक उन्हें मान्य 'फेस वेल्यू'समझा जाना चाहिए। पड़ोसी शहर ठाणे की सत्र अदालत ने रविवार को उपलब्ध कराए गए अपने आदेश में कहा, ऐसे दस्तावेज़ प्रथम दृष्टया संकेत देते हैं कि आवेदक एक भारतीय नागरिक है। यह टिप्पणी ठाणे सत्र न्यायालय द्वारा की गई। जिसकी अध्यक्षता न्यायाधीश ए.एस. भागवत ने की। साथ ही मीरा रोड स्थित एक व्यक्ति पंकज दास को जमानत दे दी, जिसे स्थानीय पुलिस ने इस आरोप में गिरफ्तार किया था कि वह एक बंगलादेशी निवासी है जो कानूनी दस्तावेजों के बिना देश में प्रवेश कर गय और यहां रह रहा था।

आतिशी के नाम पर लगी मुहर

दिल्ली को मिली पहली महिला नेता विपक्ष, आप ने मीटिंग में लिया फैसला

एजेंसी

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने कालकाजी विधायक आतिशी को दिल्ली विधानसभा के लिए नेता विपक्ष के नाम पर मुहर लगाई है। विधायक दल की बैठक में यह फैसला हुआ है। आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल और पार्टी के 22 विधायक आज विधायक दल की मीटिंग में मौजूद थे, जिसमें आतिशी के नाम पर सबने अपनी रजामंदी दी है। दिल्ली विधानसभा का पहला सत्र 24 फरवरी से शुरू होगा। तीन दिवसीय सत्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार ने कहा है कि पिछली आप सरकार के प्रदर्शन के खिलाफ लंबित कैग रिपोर्ट को सदन में पेश किया जाएगा। इस बार के चुनाव में आप संयोजक अरविंद केजरीवाल और मनीष सिसोदिया सहित पार्टी के कई शीर्ष नेता भी चुनाव हार गए। कालकाजी विधायक आतिशी ने नेता विपक्ष बनाए जाने पर कहा कि मैं क के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की शुक्रगुजार हूं कि उन्होंने मुझे विधायक दल (एलओपी के रूप में) की जिम्मेदारी दी। जनता ने हमें विपक्ष का कर्तव्य दिया है और आप दिखाएगी कि वह कितना मजबूत विपक्ष है। आतिशी को नेता विपक्ष बनाए जाने पर गोपाल राय ने कहा कि आज विधायक दल की बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया है कि आतिशी दिल्ली विधानसभा में विपक्ष की नेता होंगी। चुनौतीपूर्ण समय में आतिशी ने मुख्यमंत्री के तौर पर दिल्ली की जनता की सेवा की है। आप एक स्वस्थ विपक्ष की जिम्मेदारी निभाएगी। आतिशी ने दिल्ली की महिलाओं को 2500 रुपये देने पर आतिशी ने कहा कि बीजेपी की नई कैबिनेट बैठक हो गई, लेकिन महिलाओं को 2500 रुपये देने वाली योजना पास नहीं हुई। हम वादा करते हैं, रेखा गुप्ता की सरकार से महिला समृद्धि योजना के तहत महिलाओं को ढाई हजार रुपये दिलवाकर रहेंगे।

दो चचेरे भाइयों सहित तीन युवकों को ट्रक ने कुचला

मिर्जापुर। उत्तर प्रदेश में मिर्जापुर जिले के अदलहाट थाना क्षेत्र के उसरा गांव के पास अज्ञात ट्रक ने दो चचेरे भाइयों सहित तीन युवकों को कुचल दिया है जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक गिट्टी उतारने का काम करते थे।वे गिट्टी उतार कर शनिवार देर रात पैदल ही घर की ओर वापस जा रहे थे और रास्ते में ट्रक ने उन्हे कुचल दिया। पुलिस उपाधीक्षक मंजरी राव ने बताया कि वाराणसी शक्तिनगर हाईवे के अदलहाट थाना क्षेत्र के उसरा गांव के पास तीन युवकों का बुरी तरह कुचला हुआ शव पुलिस ने बरामद किया।जिसकी पहचान परिजनों द्वारा कपड़ों से की गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में इसी थाना क्षेत्र के मुसेपुर गांव निवासी शिवपूजन (22), विकास (20)और नन्हे प्रजापति (21)के रुप में हुई जिसमें शिवपूजन और विकास आपस में चचेरे भाई है।

वाराणसी में रोपवे के निर्माण पर सुप्रीम कोर्ट की रोक

तीन महिलाओं की याचिका पर आदेश

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने वाराणसी में बन रहे रोपवे के निर्माण कार्य पर रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने यह आदेश तीन महिलाओं की ओर से दाखिल याचिका पर दिया है।

याचिका में आरोप लगाया गया कि उनकी जमीन अधिग्रहण किए बगैर ही रोपवे का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। जस्टिस एम.एम. सुंदरेश और संजय करोल की पीठ ने इस मामले में सभी तथ्यों पर विचार करने के बाद संबंधित प्राधिकार को रोपवे के निर्माण को यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया। दूसरे शब्दों में निर्माण कार्य जिस स्थिति में है, उसी स्थिति में रहे और आगे कोई निर्माण न हो। शीर्ष अदालत ने इसके साथ ही, मामले में नोटिस जारी कर संबंधित पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का आदेश दिया। पीठ ने मामले की सुनवाई अप्रैल 2025 तय की है। सुप्रीम कोर्ट ने अधिवक्ता रोहित अमित स्थालेकर के जरिए दाखिल मनसा सिंह सहित तीन महिलाओं की ओर से इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दाखिल अपील पर यह अंतरिम आदेश पारित किया। दरअसल, अपीलकर्ताओं ने पहले इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर आरोप लगाया था कि संबंधित प्राधिकरण ने उनकी फ्री होल्ड संपत्ति में अवैध रूप से तोड़फोड़ की। इसके साथ ही कहा कि न तो अपीलकर्ता की जमीन का अधिग्रहण किया गया और न ही किसी तरह का मुआवजा दिया गया, बावजूद इसके रोपवे के निर्माण कार्य उनकी संपत्ति पर शुरू कर दिया। इस मामले में हाईकोर्ट ने किसी तरह का अंतरिम आदेश या कार्य पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हालांकि हाईकोर्ट ने संबंधित पक्षों उत्तर प्रदेश सरकार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। किसी तरह का अंतरिम राहत नहीं मिलने के बाद याचिकाकर्ता ने सुप्रीम कोर्ट में अपील दाखिल की थी। अपील पर विचार करते हुए, सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ नोटिस जारी किया बल्कि यथास्थिति बनाए रखने का भी आदेश दिया।

RNI : UPHIN/2012/45286

शकुन टाइम्स
निष्पक्ष खबरें निर्भीक आवाज
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र (प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

YouTube shakuntimes

आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश के सम्पूर्ण जिले में तहसील और ब्लाक स्तर पर संवाददाता की

प्रिन्ट एवं डिजिटल मीडिया

यदि आप भी समाज में फैले हुए भ्रष्टाचार के विरुद्ध उठाना चाहते है आवाज़ तो शकुन टाइम्स दे रहा है आपको एक बेहतरीन मौका

अधिक जानाकरी के लिए

अपना नाम व जिला हमें WhatsaApp करें

9935781155, 9415052283

बलरामपुर में बाइक सवार 10वीं के तीन छात्रों को ट्रक ने रौंदा मौत

परीक्षा केंद्र देखने जा रहे थे

शकुन टाइम्स संवाददाता

बलरामपुर। बलरामपुर में शनिवार की दोपहर भीषण हादसे में तीन परीक्षार्थियों की मौत हो गई। तीनों एक ही बाइक पर परीक्षा केंद्र देखने हरिहरगंज जा रहे थे। रास्ते में एक वाहन को ओवरटेक करते समय बहराइच की तरफ से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। हादसा कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के सेखुइया के पास हुआ। सुंदरदास रामलाल इंटर कॉलेज में 10वीं के विद्यार्थी विकास कुमार (18), सरस्वती विद्या मंदिर में 10वीं के छात्र अजय यादव (18) निवासी बेला कोड़री तथा सरस्वती विद्या मंदिर में 10वीं की पढ़ाई करने वाले मोतीपुर दादव गांव निवासी शिवम कुमार (18) की हादसे में मौत हुई है। बहराइच रोड पर पार्वती इंटर कॉलेज हरिहरगंज में तीनों विद्यार्थियों की बोर्ड परीक्षा सोमवार से थी। तीनों दसवीं के विद्यार्थी थे। एक साथ ही शहर में कमरा किराये पर लेकर पढ़ाई कर रहे थे। प्रभारी निरीक्षक दुर्गेश कुमार सिंह ने बताया कि तीनों के परिजनों को सूचना भेजी गई है। बाइक को अजय यादव चला रहा था। हेलमेट भी नहीं पहन रखा था। बताया कि ट्रक को थाने ले आया गया है। एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं: मौर्य

सहारनपुर। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को सहारनपुर जनपद के भ्रमण कार्यक्रम के दौरान कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। श्री मौर्य ने यहां सर्किट हाउस सभागार में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। जिलाधिकारी मनीष बंसल ने उन्हें काष्ठ से निर्मित गणेश जी की मूर्ति भेंट की। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने ग्राम्य विकास, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना, हर घर नल से जल, विद्युत, कृषि, खाद्य प्रसंस्करण आदि की बिन्दुवार समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर में विकास की अपार संभावनाएं है। सभी अधिकारी संवेदनशील होकर कार्य करें और सहारनपुर को नई ऊंचाईयों पर पहुंचाएं। जनप्रतिनिधियों के सुझावों को प्राथमिकता दें। फसलों को बचाने के लिए खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों पर बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी आमजन के साथ बेहतर व्यवहार करते हुए जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं। उन्होंने हर घर जल योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि गांवों की गली ग्रामीणों के लिए हाइवे होती है, जहां पर पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़के तोड़ी गई हैं उनको गुणवत्तापरक तरीके से रिस्टोर किया जाए। संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गांव-गांव जाकर विजिट कर सर्वे करें और सुनिश्चित कराएं कि योजनाओं का लाभ पात्रों को मिले। उन्होंने बिजली विभाग को निर्देशित किया कि चेकिंग अभियान चलाकर लाइन लॉस कम किया जाए।

पत्रकारों को गौरव समाज रत्न से किया गया सम्मानित

शकुन टाइम्स संवाददाता

जफराबाद/ जौनपुर। क्षेत्र के कबुलपुर बाजार में स्थित पत्रकार कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक आयोग के द्वारा क्षेत्र के कई पत्रकारों को गौरव समाज रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया। मानव सेवा फाउंडेशन (भारत)द्वारा संचालित ऊक्त संस्था के जिलाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा अपने सहयोगियों के साथ कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने समाज मे व्याप्त कुरीतियों, गरीबो के हक के लिए आवाज बुलंद करना, समाज के जरूरतमन्दों की मदद करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया।श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज पत्रकार ही ऐसा व्यक्ति है जो समाज में व्याप्त कमियों की लड़ाई निर्भीकता से लड़ता है। पत्रकार 24 घण्टे समाज के हित मे लगाये रहता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार ने किया। संस्था ने पत्रकार कृपाशंकर यादव, विवेक सिंह, अंकित श्रीवास्तव, संजय यादव, विनय श्रीवास्तव आदि को गौरव समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

संक्षिप्त सामाचार

मामूली बात पर दो पक्षों के बीच 08 घायल

कौशांबी। उत्तर प्रदेश में कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र के पथरावा गांव में रविवार को मामूली बात को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया जिसमें 8 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि पथरावा गांव के पूर्व प्रधानबचानी यादव और भूप सिंह यादवकी बाइक शीतला धाम कड़ा में आपस में टकरा गई थी।

इसी बात को लेकर बचानी यादव अपने पुत्र के साथ लाठी डंडा लेकर भूप सिंह यादव के घर पर चढ़ गए दोनों पक्षों में विवाद हो गया। गाली गलौज करते हुए दोनों पक्ष के लोग एक दूसरे के ऊपर एक ईट पत्थर फेंके और लाठी डंडे से मारपीट हुई जिसमें बचानी यादव एवं उसका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। दूसरे पक्ष भूप सिंह यादव सहित उसके पक्ष के छह लोग घायल हो गए। सूचना पाकरमौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को लेकर जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कर दिया है। बचानी यादव की स्थित गंभीर होने पर उसे प्रयागराज स्थित स्वरूप रानी नेहरू अस्पताल रेफर किया गया है। पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष से तहरीर मिली है पुलिस घटना की जांच कर रही है।

अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड

प्रताप गढ़। उत्तर प्रदेश के प्रताप गढ़ जिले में पुलिस ने रविवार को अवैध शराब बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया और मौके से पति पत्नी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने आज थाना क्षेत्र संगी पुर के ग्राम तारा पुर में उसके घर से वांछित वारण्टी अभियुक्त राकेश सरोज व उसकी पत्नी मठ हीन को कुल करीब 215 लीटर कच्ची शराब नाजायज अपमिश्रित जहरीली व शराब बनाने का उपकरण 2890 रूपये व 300 ग्राम यूरिया के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के संबंध में अभियुक्तों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत थाना सांगीपुर में अभियोग पंजीकृत किया गया है ,पति पत्नी पर आबकारी अधिनियम के तहत थाना सांगीपुर में लगभग एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है ।

आलू उत्पादन 50 फीसदी तक गिरने का अंदेशा

इटावा। आलू उत्पादक जिलों में प्रमुख माने जाने वाले उत्तर प्रदेश के इटावा जिले में मौसमी असंतुलन के चलते आलू के उत्पादन में 50 फ़ीसदी तक गिरावट का अंदेशा जताया जा रहा है। लगातार बढ़ रहे तापमान से आलू किसानों की चिंता बढ़ गई है। फरवरी के मध्य में ही गर्मी का असर देखने लगा है इससे आलू की खुदाई और भंडारण पर असर पड़ रहा है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर तापमान इसी तरह बढ़ता रहा तो आलू के कंदो की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है इस साल प्रति बीघा 10 कुंटल तक आलू कम निकल रहा है। इस साल फरवरी में न्यूनतम तापमान में करीब दोगुना का फर्क देखा गया है। पिछले साल 20 से 25 कुंतल प्रति बीघा आलू निकला था लेकिन इस बार 15 से 20 कुंतल प्रति बीघा ही निकल रहा है। आलू का आकार छोटा भी रह गया है। किसानों का कहना है कि इसमें तो उनकी लागत भी नहीं निकल पाएगी जिले में आलू की फसल की खुदाई शुरू हो गई है आलू खेत से बाहर आया तो किसानों के चेहरे मुरझा गए। पिछले साल की अपेक्षा इस साल पृथ्वी का 10 कुंतल तक आलू काम निकल रहा है। इस बार तापमान अधिक रहने और ठंड कम पढ़ने को पैदावार में आई गिरावट की मुख्य वजह माना जा रहा है। इटावा में 24000 हेक्टेयर आलू की बुवाई की गई है किसानों ने आलू की खुदाई शुरू कर दी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार इटावा में वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में जनपद में 22600 हेक्टेयर में आलू की बुवाई हुई थी जिसमें करीब 5 लाख 65 हजार मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था वहीं वित्तीय वर्ष 2024 - 25 में रकबा बढ़कर 25400 हेक्टेयर में आलू की बुवाई हुई ।

जिलाधिकारी ने सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा की तैयारी का किया निरीक्षण

अनुचित साधनों का प्रयोग करने का प्रयास करने वालों पर होगी कठोर कार्रवाई: डॉ. दिनेश चंद्र

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। आज से शुरू हो रहे उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय हाई स्कूल/इंटरमीडिएट परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा जलालपुर ब्लॉक स्थित रामरूप सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा की तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सीसीटीवी सक्रिय पाया गया तथा सभी कक्षाओं में रोल नंबर स्लिप चस्पा होना भी पाया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित समस्त को निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान ड्यूटी पास सभी के पास होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन तथा शुचितापूर्ण ढंग से संपादित कराने का दायित्व जिन्हें भी सौंपा गया है वे सभी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता के साथ करेंगे। उन्होंने कहा कि परीक्षा के, नकलविहीन, शुचितापूर्ण संचालन हेतु उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) विधेयक 2024 के अंतर्गत दायित्व में किसी भी प्रकार की शिथिलता बरतने अथवा अनुचित साधनों का प्रयोग करने का प्रयास करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

जानलेवा हमला करने व लूट के मामले मे वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। मुखबिर की सूचना पर थाना रोहनिया पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने व लूट के मामले मे से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त अक्षय सिंह उर्फ मोंटी सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी ग्राम भदवर थाना रोहनिया को मोहनसराय अखरी बाईपास हाईवे से ग्राम भदवर सड़क थाना रोहनिया से गिरफ्तार कर पूछताछ किया गया तो बताया कि दिनांक-16.02.2025 को रात करीब 10.20 बजे मेरे परिवार का अभिषेक सिंह ढाबे पर गया था जहाँ उससे ढाबा के मालिक ने कुछ विवाद किया जिसके बाद मैं और मेरे साथ महेश सिंह,विशाल सिंह मौके पर गये तो ढाबे का मालिक मेरे साथ गये लोगों से वाद-विवाद करने लगा और उसके बाद ढाबा मालिक व उनके कर्मचारी तथा हम लोगों में मारपीट होने लगी।मारपीट के दौरान ढाबा मालिक जब ढाबे से बाहर भागा तो मैं व विशाल सिंह ढाबा से बाहर आकर ढाबा मालिक को मारने-पीटने लगे उसी बीच उसकी जेब से कुछ रुपये गिर गये जिसे मैंने व विशाल सिंह ने उठा लिये जिसका विरोध ढाबा मालिक व उसके पिता करने लगे तब हम लोग उनको मारपीट कर पैसा लेकर वहाँ से भाग गये थे। उक्त के सम्बन्ध में थाना रोहनिया पुलिस द्वारा आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।गिरफ्तार करने वाली पुलिस उ0नि0 राज दर्पण तिवारी,उ0नि0 ऋतुराज मिश्र,का0 बलवंत कुमार टीम रही।

अवैध कच्ची देशी शराब के साथ युवक गिरफ्तार

वाराणसी। सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ के नेतृत्व में ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत मुखबिर की सूचना पर थाना चौबेपुर पुलिस एवं आबकारी टीम की संयुक्त कार्यवाही में रेलवे स्टेशन कादीपुर प्लेट फार्म नं0-02 के पास थाना चौबेपुर से खुर्शीद आलम पुत्र मो0 अजीजउल्ला निवासी कौआपुर थाना चौबेपुर को 40 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत करते हुए अग्रेतर विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्र0नि0 जगदीश कुशवाहा थाना चौबेपुर,उ0नि0 कमल सिंह यादव,उ0नि0 शिवप्रकाश वर्मा,आबकारी निरीक्षक रमेश यादव,आबकारी सिपाही सुधीर कुमार सिंह,आबकारी सिपाही शिवानन्द सरोज टीम रही।

सहकारिता को जन आंदोलन बनाकर मजबूत किया जाये, बैठक में दिए टिप्स

शकुन टाइम्स संवाददाता

बरेली। सहकार भारती बरेली मंडल की बैठक का आयोजन मुख्यालय अर्बन कोऑपरेटिव बैंक बरेली के सभागार में आयोजित हुई। बैठक का शुभारम्भ अध्यक्ष अर्बन कोऑपरेटिव बैंक श्रुति गंगवार, अरविंद दुबे प्रदेश महामंत्री, कर्मवीर सिंह प्रदेश संगठन प्रमुख, रवितेज प्रताप सिंह सह प्रमुख विधि प्रकोष्ठ द्वारा भारत माता एवं स्व लक्ष्मण राव इनामदार के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

प्रदेश से आये हुए अतिथियों का स्वागत महानगर अध्यक्ष धारा सिंह एडवोकेट ने किया। श्रुति गंगवार का महिला प्रमुख डिम्पल एवं प्रीति चौहान महिला प्रमुख बदायूं ने अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। अरविंद दुबे प्रदेश महामंत्री, डी एस वर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष, अभिनव कश्यप प्रदेश मत्स्य प्रमुख एवं रवितेज का सम्मान चौधरी छत्रपाल सिंह द्वारा अंग वस्त्र भेंट कर किया गया। मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री अरविंद दुबे ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं का परिचय प्राप्त कर उनको सहकार भारती से जुड़कर सदस्यता ग्रहण करने का आवाहन किया। प्रत्येक सदस्य कम से कम 50 सदस्य बनाएं जनपद में कुल कम से कम 500 सदस्य बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया। उन्होंने कहा कि संगठन की बैठक नियमित कर बैठक का एजेंडा बनाकर चर्चा की जाए।

प्रदेश संगठन प्रमुख कर्मवीर सिंह ने भी सहकारी समितियों के जीर्ण शीर्ण भवनों का जीर्णोद्धार कराने एवं बी पैक्स को मजबूत करने पर जोर दिया। नई समिति एवं समूहों का भी गठन किया जाए और पुरानी चल रही समितियों और समूहों को अपने साथ जोड़ कर सहकारिता को जन आंदोलन बनाने पर चर्चा की बैठक की। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी छत्रपाल सिंह जिला अध्यक्ष द्वारा की गई। कार्यक्रम का संचालन राकेश गंगवार जिला महामंत्री ने किया। इस दौरान हरिराम गौतम, डॉ डीएस चौधरी, सर्वेश द्विवेदी, बृजेश तिवारी, डॉक्टर रविंद्र कुमार, हरवीर सिंह, संजीव कुमार सिंह, गुलाब सिंह, दीप्ति सिंह, बरेली गजेंद्र पटेल आदि रहे।

श्रद्धालुओं के पास से चैन व रूपया चोरी करने वाली 3 अंतर्जनपदीय महिला चोर गिरफ्तार

आभूषण व रूपये बरामद

शकुन टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। प्रभारी निरीक्षक थाना चौक विमल कुमार मिश्र की टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन व तलाश वांछित अभियुक्त के क्रम में श्रद्धालु की बैग चोरी करने वाली 3 शातिर महिला चोर को तीन चेन,दो अंगूठी,एक जोड़ी कान में पहनने वाली बाली व 800/- रुपये के साथ ठठेरी बाजार मोड़ के पास दिनांक 22.02.2025 को बजे गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गिरफ्तार करने वाली पुलिस प्रभारी निरीक्षक विमल कुमार मिश्रा थाना चौक,उ0नि0 वैभव कुमार शुक्ला,का0 रामाकान्त यादव पीआरवी,का0 विरेन्द्र सिंह पीआरवी,का0 आनन्द कुमार यादव, का0 चन्दन पाण्डेय,म0का0 वन्दना गौड़ टीम रही।

कौशल से रोजगार का सृजन होता है: मनोरमा मौर्या

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ 23 फरवरी 2025 को डॉ. अबू मोहम्मद आईटीआई में हुआ। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की, मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद जौनपुर की अध्यक्ष मनोरमा मौर्या और विशिष्ट अतिथि समाजसेवी विवेक मौर्य रहे।

मुख्य अतिथि मनोरमा मौर्या ने अपने संबोधन में कौशल विकास की महत्ता पर जोर देते हुए कहा कि शिक्षा में कौशल आवश्यक है, जिससे रोजगार सृजन में सहायता मिलती है। उन्होंने सरकार की विभिन्न कौशल विकास योजनाओं का उल्लेख किया,जो स्वरोजगार उत्पन्न करने और देश के विकास में सहायक हैं एवंम बालिकाओं को शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने शिक्षा के साथ-साथ देश सेवा की आवश्यकता पर बल दिया और राष्ट्रीय सेवा योजना को सेवा के प्रति जागरूकता का प्रेरक बताया। अतिथियों का स्वागत एवंम सम्मानित बुके, पुष्प,अंगवस्त्रम और स्मृति चिन्ह देकर किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने सरस्वती वंदना और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए।सभी यूनिट के लीडर के रूप में ऋचा द्विवेदी, नैन्सी साहू, रोशनी यादव, अल्तमश पठान, हेमंत मौर्य, सुंदरम मौर्य और अहलेताशा को चयनित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सुमित सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ. ममता सिंह, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार बिंद, डॉ. विवेक विक्रम, डॉ. नीलेश सिंह, डॉ. अमित जायसवाल,अहमद अब्बास खान, और सैकड़ों स्वयंसेवक एवं स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहे।

सेंट लॉरेंस स्कूल में आयोजित हुआ एनुअल फंक्शन और अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। शहर के रासमंडल मानिक चौक स्थित सेंट लॉरेंस स्कूल में एनुअल फंक्शन का कार्यक्रम आयोजित हुआ मुख्य अतिथि के तौर पर एक्स मेंबर यूपी पीएससी प्रोफेसर आर-एन त्रिपाठी ने अपने हाथों से विद्या की देवी मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। स्कूल के मैनेजर एहसान खान और प्रिंसिपल चांदनी सिन्हा ने मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं मोमेंटो भेंट कर स्वागत किया। स्वागत की कड़ी में विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद आदर्श सेठ, अबूज़र शेख, शाहिद अख्तर, इरशाद मंसूरी, कमाल आज़मी, अलमास सिद्दीकी, को पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधा भेंट किया गया। बच्चों द्वारा भी विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए सर्वप्रथम बच्चों ने वेलकम डांस कर आए हुए अभिभावक एवं अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद स्कूल के होनहार बच्चों को मुख्य अतिथि के जरिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने वक्तव्य से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। उन्होंने स्कूल की प्रिंसिपल चांदनी सिन्हा और मैनेजर एहसान खान द्वारा कुशल रूप से संचालित हो रहे सेंट लॉरेंस स्कूल और शिक्षा के प्रति योगदान की सराहना की अभिभावक और शिक्षक की बच्चों के प्रति जिम्मेदारियों को समझाया। कार्यक्रम में चर्चित मोटिवेशनल स्पीकर मुजम्मिल ने भी शिक्षा के प्रति मोटिवेशनल स्पीच दिया। बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिए स्टॉप चाइल्ड लेबर और हर नागरिक का देश के प्रति योगदान को दर्शाया। कार्यक्रम समापन के दौरान स्कूल की प्रिंसिपल ने आए हुए सभी आगंतुकों अभिभावकों एवं कार्यक्रम आयोजन में कड़ी मेहनत करने वाले टीचर और प्रस्तुति देने वाले बच्चों का धन्यवाद आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से हम्माद खान, बिलाल खान, हफीज शाह, स्कूल के स्टाफ छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक गढ़ मौजूद रहे।

राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

प्रशिक्षण युवाओं को समाज सेवा और नेतृत्व के गुण सीखने का उत्कृष्ट माध्यम है: डॉ. देवराज सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता

जौनपुर। सहकारी पी.जी. कॉलेज, मिहरावा, जौनपुर में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल युनिवर्सिटी के निर्देश के क्रम में विशेष शिविर का दिनांक 23/02/2025 से 01/03/2025 तक सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आज उदघाटन हर्षोल्लास के साथ हुआ प्रथम सत्र में सरस्वती बंदना एवं अतिथी का स्वागत एवं सम्मान किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुधाकर सिंह ग्राम प्रधान सोनीकपुर, विशिष्ट अतिथि प्रो. देवराज सिंह एवं डॉ विवेक कुमार सिंह जी थे उन्होंने स्वयं सेवक एवं सेविका को अनुशासन और सेवा-भावना की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण युवाओं को समाज सेवा और नेतृत्व के गुण सिखाने का उत्कृष्ट माध्यम है। इसके बाद प्रशिक्षुओं ने स्वच्छता एवं रंगोली प्रतियोगिता में अपनी दक्षता का प्रदर्शन किया। द्वितीय सत्र में स्वच्छता अभियान आयोजित हुआ, जिसके बिशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक आदरणीय श्री राजीव कुमार सिंह जी रहे। उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक संगठन नहीं, बल्कि एक संस्कार है, जो युवा पीढ़ी को नेतृत्व, अनुशासन और समाजसेवा का पाठ पढ़ाता है। यह प्रशिक्षण शिविर युवाओं के व्यक्तित्व विकास में मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि सहकारी पी.जी. कॉलेज, मिहरावा के प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि अनुशासन और सेवा-भावना ही सच्चे राष्ट्र निर्माण की नींव है। प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान और अनुभव को छात्र-छात्राएं अपने जीवन में अपनाएँ और सदैव समाज सेवा के लिए तत्पर रहें। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ विवेक कुमार सिंह ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि नेतृत्व, अनुशासन और सेवा-भाव को आत्मसात करने का अवसर है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्र समाज सेवा के महत्व को समझते हैं और अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनोज सोनकर ने किया। उन्होंने आयोजन से जुड़े सभी व्यक्तियों और छात्रों को उनकी सक्रिय सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि यह शिविर प्रत्येक प्रतिभागी के लिए सीखने और आत्मविकास का शानदार अवसर था।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ विकास सिंह ने किया दोनों कार्यक्रम अधिकारी के कुशल मार्गदर्शन में यह प्रशिक्षण शिविर पूरी तरह से अनुशासित और प्रभावी रहा। इस अवसर पर डॉ. राजबहादुरयादव, डॉ. रविकांत, डॉ. नीरज सिंह, डॉ. शैलेश सिंह, डॉ. तारकेश्वर सिंह, डॉ. बृजेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, संजय शर्मा श्री योगेश सिंह एवं पवन श्रीवास्तव एवं जोगिंदर सिंह एवं समस्त चतुर्थ श्रेणी क्रमचारी उपस्थित रहे।

फूलों की महक और बागवानी का जश्न, विंध्यवासिनी पार्क में गोरखपुर में फ्लावर शो का भव्य समापन

हरियाली और सौंदर्य का उत्सवः गोरखपुर फ्लावर शो ने बिखेरी प्राकृतिक छटा

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। रोटरी क्लब गोरखपुर एवं उत्तर प्रदेश उद्यान विभाग द्वारा आयोजित ऐतिहासिक फ्लावर शो का रविवार को समापन हुआ। यह आयोजन शहरवासियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव रहा, जिसमें प्रकृति प्रेमियों, बागवानी विशेषज्ञों और सैकड़ों संस्थाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी गोरखपुर की पत्नी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, सीईओ गीडा अनुज मलिक और जिला उद्यान अधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ चिकित्सिका डॉ. रचना बनर्जी, डॉ. नीलम दीक्षित, तलत अज़ीज़, पूर्व अध्यक्ष डॉ. शिवशरण दास, पुष्पदंत जैन, मन्केश्वर नाथ पांडेय , आनंद गनेरीवाल, अनूप अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश राय, अचिंत्य लहरी, अमित बथवाल, आलोक अग्रवाल, मांधाता सिंह, मनीष जायसवाल, वीके श्रीवास्तव आदि भी इस ऐतिहासिक आयोजन में शामिल रहे। यह भव्य आयोजन राजकीय उद्यान में संपन्न हुआ, जहां दुर्लभ एवं विदेशी फूलों की शानदार प्रदर्शनी लगाई गई। विभिन्न प्रतियोगिताओं में गोरखपुर एवं आसपास के क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिताओं में वर्टिकल गार्डन, टेरेस गार्डन, फूलों की सजावट, गुलदस्ता निर्माण और बोनसाई प्रदर्शन प्रमुख आकर्षण रहे। प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। रोटरी क्लब गोरखपुर के अध्यक्ष महावीर प्रसाद कंडोई ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और नागरिकों को हरियाली से जोड़ना है। क्लब के सचिव संचित श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों से शहर की सुंदरता में वृद्धि होती है और लोग प्रकृति के प्रति अधिक जागरूक होते हैं। कार्यक्रम समन्वयक अचिंत्य लहरी ने इस आयोजन को सफल बनाने में सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल ने अपने संबोधन में कहा, गोरखपुर का यह फ्लावर शो पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। सीईओ गीडा अनुज मलिक ने कहा कि इस तरह के आयोजन शहर को हरा-भरा बनाने में अहम भूमिका निभाते हैं। हम सभी नागरिकों से अपील करते हैं कि वे इस तरह की हरित गतिविधियों में भाग लें और पर्यावरण को संरक्षित करने में सहयोग दें। इस अवसर पर आशीष जोशी, महेश गोपाल गर्ग, अशोक कुमार गुप्ता, हरे कृष्ण सिंह, शालिनी दास, अरुण गुप्ता, अखिलेश ओझा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने पुष्प प्रेमियों, पर्यावरण संरक्षण कार्यकर्ताओं और शहरवासियों से आग्रह किया कि वे इस तरह के आयोजनों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और गोरखपुर को हरा-भरा बनाने में सहयोग करें। फ्लावर शो की अभूतपूर्व सफलता से प्रेरित होकर रोटरी क्लब ने भविष्य में और भी भव्य आयोजन करने का संकल्प लिया

80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार

देवरिया। देवरिया जिले के लार क्षेत्र में पुलिस ने आज 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब को बरामद कर तस्कर गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता ने यहाँ बताया कि लार क्षेत्र के बिहार राज्य सीमा पर स्थित मेहरौना चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान एक गोभी लदे पिकप वाहन को रोककर चेक किया गया, जिस पर गलत नंबर प्लेट अंकित पाया गया।

प्रवक्ता ने बताया कि पीकप वाहन के ढाले में लदी गोभी को हटाकर देखा गया तो उसमें अवैध शराब पायी गयी। चेकिंग के दौरान उक्त पीकप वाहन में 80 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब के साथ 4 पेटी अवैध बीयर बरामद किया गया है। पुलिस ने शराब तस्कर गिरोह के सदस्य बिहार राज्य के सिवान जिला निवासी अंकित कुमार को गिरफ्तार कर बरामद अवैध शराब, बीयर व वाहन को कब्जे में लेते हुए उसके खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है। गौरतलब है कि पड़ोसी राज्य बिहार में वहाँ की सरकार ने पूर्ण शराब बंदी कर रखी है।

संक्षिप्त सामाचार

24 फरवरी को जनपद में आयोजित होगा किसान सम्मान समारोह

बहराइच। उप कृषि निदेशक शिशिर कुमार वर्मा ने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 24 फरवरी 2025 को अपरान्ह 02:00 बजे भागलपुर बिहार से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किश्त किसानों के खाते में अंतरित की जायेगी। भारत सरकार, शासन एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर मा. प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम का कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच एवं नानपारा, विकास खण्ड मुख्यालयों, ग्राम सचिवालय एवं जन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से सजीव प्रसारण दिखाया जायेगा। प्रधानमंत्री का कार्यक्रम पर प्रसारित किया जायेगा। श्री वर्मा ने मा. जनप्रतिनिधियों एवं कृषकों से अपील की है कि कृषि विज्ञान केन्द्रों, ब्लाक मुख्यालयों, पर आयोजित कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में मा. प्रधानमंत्री जी के किसान सम्मान निधि योजना से सम्बन्धित लाइव प्रसारण कार्यक्रम में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

पूर्व मंत्री मुकेश साहनी कल पहुंचेंगे नरकटहा

गांगी बाजार/महाराजगंज। धर्मात्मा निषाद आत्महत्या प्रकरण में उनके परिजनों से मिलने के लिए बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश साहनी का आगमन मंगलवार 25 तारीख को दिन में 2 बजे होना सुनिश्चित है। उक्त आशय की जानकारी उनके जनसंपर्क अधिकारी ने दी।

कुंभ में अश्लीलता परोसने वालो के खिलाफ सरकार करे कठोर कार्रवाईः माता प्रसाद पाण्डेय

गोंडा। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि कुंभ में अश्लीलता परोसने व फैलाने वाले लोगों पर सरकार को कठोर कदम उठाना चाहिए। सोशल मीडिया पर बहुत सी महिलाओं का फोटो और वीडियो वायरल हो रहा है। उर्दू शब्द को लेकर सूबे के मुखिया ने गलत बयान दिया है जिसको लेकर समाजवादी पार्टी का विधायक दल सदन में भाजपा सरकार को घेर रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यकों को कुचल रही है। 2027 में समाजवादी की सरकार आएगी और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे।इसके पूर्व गौरा विधानसभा में आगमन पर सपा नेता हफीज मलिक व अब्दुल कलाम मलिक ने कार्यकर्ताओं के साथ किया स्वागत।इस दौरान सपा नेता अब्दुल अजीज, बब्बू, डॉ. अरशद, फिरोज खान, आसिफ खान, पुजारी पांडेय, आदित्य यादव, सईदुर्रहमान, चिंटू खान सहित अन्य मौजूद रहे।

दो अलग-अलग हादसों में महिला समेत दो की मौत

बहराइच। जनपद के दो अलग-अलग जगह पर सड़क हादसों में एक महिला समेत दो की मौत हो गई है जिसमें एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई वहीं दूसरी ओर रानीपुर थाना क्षेत्र के इलाके में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गई। दोनों सड़क हादसों में मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के दरगाह शरीफ थाना क्षेत्र अंतर्गत भिनगा स्टैंड के पास रविवार को एक ई रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया जिसमें सलमान उम्र 40 वर्ष की दबने से मौत हो गई। वह बहराइच नगर कोतवाली क्षेत्र के काजीपुरा मोहल्ले का रहने वाला है । वही दूसरी ओर जनपद के रानीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बलिदान बगिया के पास एक बाइक सवार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी।

नहर में किसान का शव उतराता मिलने से मचा हडकंप

शकुन टाइम्स संवाददाता

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में रानीपुर थाना क्षेत्र के भगहरिया साइफन में रविवार को एक किसान का शव नहर में उतराता हुआ पाया गया, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। प्रारंभिक जांच के अनुसार, यह प्रतीत होता है कि किसी ने उसकी हत्या कर शव को नहर में फेंकने से पहले उसके हाथ-पैर बांध दिए थे। सूत्रों के अनुसार, स्थानीय निवासी किसान फूलचंद (50) घर से सुबह चार बजे घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटा। जब परिजन उसकी तलाश में निकले और नहर के किनारे पहुंचे, तब साइकिल वहां खड़ी मिली और नहर में उसका शव तैरता हुआ देखा गया। शव पर चोट के निशान पाए गए हैं, और ऐसा प्रतीत होता है कि हत्यारोपियों ने शव के साथ ईंटें बांधकर उसे पानी में फेंका था ताकि वह नीचे बैठ जाए और किसी को नजर न आए। मृतक के परिवार में चार बेटे और दो बेटियां हैं, जो खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते थे। स्थानीय लोगों और परिजनों का विचार है कि यह हत्या किसी व्यक्तिगत रंजिश के चलते की गई है।घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम और पुलिस उच्चाधिकारियों ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए और ग्रामीणों से पूछताछ की। रानीपुर थाना के थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना ने क्षेत्र में सुरक्षा के विषय पर फिर से चर्चा को जन्म दिया है और स्थानीय लोग न्याय की उम्मीद कर रहे हैं।

ट्रेन के आगे कूद कर युवक ने दी जान

बहराइच। जनपद के जरवल रोड थाना क्षेत्र अंतर्गत लखनऊ गोरखपुर रेल मार्ग पर गोंडा से लखनऊ जाने वाली ट्रेन के सामने एक युवक ने कूद कर अपनी जान दे दी। बताया जा रहा है कि युवक साइकिल से अपने घर से शनिवार को निकाला था और आज ट्रेन को आता देख साइकिल पटरी के किनारे खड़ी करके ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक जनपद के जरवल रोड थाना क्षेत्र के बसहिया जगत गांव के रहने वाला है। मृतक धनलाल पुत्र छोटेलाल जिनकी उम्र 33 वर्ष थी। बताया जा रहा है कि युवक शनिवार की सुबह साइकिल से अपने घर से निकले थे और देर रात तक वापस लौटकर घर नहीं आया था। मृतक की पत्नी ने बताया कि वह काफी दिनों से परेशान थे और रात भर घर लौटकर न आने के कारण हम लोग उनकी खोजबीन कर रहे थे की तभी इस घटना की जानकारी हुई। जरवल रोड थाना के उप निरीक्षक मुकेशमनी ने कांस्टेबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

पीपीए की बैठक सम्पन्न,नयी कमेटी गठित करने पर हुआ विचार

शकुन टाइम्स संवाददाता

कैम्पियरगंज/गोरखपुर। कैम्पियरगंज तहसील पीपीए संगठन की बैठक कल रविवार 23फरवरी को जंगल कौड़ियां के पचवारा खास स्थित आर सी उत्सव लान में सम्पन्न हुई। बैठक में धर्मेन्द्र त्रिपाठी,डा.टीएन गुप्त, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, सुग्रीव यादव सृजन, आलोक कुमार सिंह, कौशल चंद जैसवाल, संजय चौधरी सहित कई अन्य सदस्यों ने संगठन शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता एवं नवीकरण किये जाने के सम्बन्ध में अपने अपने विचार व्यक्त किये। सर्वसम्मति से सुनील जायसवाल को तहसील पीपीए संगठन का अध्यक्ष नियुक्त करने पर विचार किया गया तथा यह निर्णय लिया गया कि सुनील जायसवाल अपने नेतृत्व में नयी कमेटी गठित करें तथा सदस्यों का नवीनीकरण करायें। अगली बैठक में माननीय राष्ट्रीय संयोजक श्री जेपी गुप्ता जी एवं राष्ट्रीय व प्रादेशिक पदाधिकारियों सहित जिलाध्यक्ष की उपस्थिति में अध्यक्ष एवं नवगठित कार्यकारिणी का अनुमोदन किया जायेगा। नवनियुक्त अध्यक्ष सुनील जायसवाल ने उपस्थित लोगों को आश्वस्त किया कि संगठन की बैठक प्रत्येक महीने हर हाल में कराई जाएगी और संगठन को मजबूत करने में हर संभव प्रयास कर संगठन में नये सदस्यों को जोड़ने का काम किया जायेगा। बैठक के प्रारंभ में वरिष्ठ पत्रकार आलोक कुमार सिंह के बहनोई की आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर विनोद राव ,आकाश मद्धेशिया मुहम्मद फिरोज खान सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 119 वें संस्करण मन की बात को सुना गया

मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसरः डॉ धर्मेंद्र सिंह

शकुन टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी महानगर गोरखपुर के कार्यकताओं ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 119 वें संस्करण मन की बात को सुना मन की बात कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी महानगर गोरखपुर के कार्यकताओं ने अपने अपने शक्ति केंद्र व बूथों पर सुना। जिसमें गोरखपुर नगर विधानसभा के दीनदयाल नगर मंडल के बूथ नंबर 251 धर्मशाला बाजार कल्याण पैलेस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य डॉ धर्मेंद्र सिंह व विशिष्ट अतिथि महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने धर्मशाला बाजार द्वितीय के बूथ सँख्या 251 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव प्रसारण कार्यक्रम मन की बात को सुना। डॉ धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में चौमुखा विकास हो रहा है। अंतरिक्ष में वैश्विक शक्ति बनने में सफल हुआ भारत आज़ दुनिया में भारत का नाम हुआ। हर ओर हों रहीं भारत की जय जयकार। मोदी सरकार की नीतियों से देश हर क्षेत्र में अग्रणी । मोदी सरकार का संकल्प विकसित अर्थव्यवस्था, विकसित भारत। महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार सबका साथ, सबका विकास एवं सबका विश्वास के साथ काम कर रही है। आज विश्व में भारत का डंका बज रहा है। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाना और सशक्त भारत का निर्माण करना ही उद्देश्य है। टेक्नोलॉजी और इनोवेशन के क्षेत्र में सुपर पावर बनने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है भारत। इसी क्रम मे हुमायूंपुर मे क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विश्वजीताशू सिंह आशु, धर्मशाला बाजार में डॉ सत्येंद्र सिन्हा, आर्य नगर में पुष्प दंत जैन, रानीडिहा में डां नवीन पाण्डेय बच्चा, राधेश्याम श्रीवास्तव,राजेन्द्र नगर में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राहुल श्रीवास्तव, अंधियारी बाग में शशिकांत सिंह, लच्छीपुर में बृजेश मणि मिश्रा, जाफरा बाजार में देवेश श्रीवास्तव,महुईसुधरपुर अच्युतानंद शाही, जटेपुर ओमप्रकाश शर्मा, बोलियां कालोनी इन्दमणि उपाधयाय, छोटे काजीपुर जितेंद्र चौधरी जीतू, पदमा गुप्ता, रंजूला रावत, दयानंद शर्मा, गौरव तिवारी, मनोज अग्रहरि, अवधेश अग्रहरी, अनुपमा पांडे, रमेश प्रताप गुप्ता, रणविजय शाही, वीरेंद्र पांडेय, रणविजय सिंह मुन्ना, दिनेश जायसवाल,अशोक गुप्ता, दयाकृष्ण गुप्ता, रंजूला रावत, शिवम पाण्डेय,अनूप किशोर अग्रवाल, महानगर कार्यसमिति सदस्य विक्की कुकरेजा, सिद्धांतों घोष, जितेन्द्र, विनोद दूबे,सतसुकृत, अजय मणि त्रिपाठी, विशाल गुप्ता, आनंद अग्रहरी, अजय श्रीवास्तव, अष्टभुजा श्रीवास्तव, चन्द्र पाल सिंह,अमितेशवर पाण्डेय ,पवन चतुर्वेदी व पार्षदगण ,मण्डल अध्यक्ष गढ व महानगर पदाधिकारीगण ने मन की बात कार्यक्रम को सुने।

नवोदय विद्यालय में आयोजित हुई करियर काउंसलिंग की कक्षाएं

जिले के मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने छात्रों के साथ करियर काउंसलिंग पर की चर्चा

शकुन टाइम्स संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जिले के बांसी क्षेत्र के बसन्तपुर स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय रविवार को करियर काउंसलिंग की कक्षाएं आयोजित की गयी। जिले के मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने बच्चों को सिविल सर्विसेज में करियर बनाने के लिए की जाने वाली तैयारी से छात्रों को अवगत कराया।

करियर काउन्सलिंग के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को प्रशासनिक सेवाओं में सफल होने के लिए आवश्यक सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिए। इस ज्ञानवर्धक सत्र में विद्यार्थियों को अपनी आशंकाओं से जुड़े प्रश्नों का समाधान मिला। तैयारी के लिए छात्रों के मन में उठ रहे तमाम प्रश्नों के जवाब दिए गए। साथ ही मुख्य विकास अधिकारी ने सभी छात्रों को एनसीईआरटी पुस्तकों पर विशेष जोर दिए जाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि तैयारी शुरू से होनी चाहिए। सभी छात्र अपने मजबूत विषय का चुनाव कर शुरू से ही तैयारी में लग जाए। सभी प्रश्न बेहद आवश्यक होते हैं। रटने की बजाय चीजों को समझने की कोशिश करें। सभी विषयों के नोट्स तैयार करें। हर टॉपिक का निचोड़ व सारांश तैयार रखें।

प्राचार्य आशुतोष मिश्रा ने बच्चों को प्रोत्साहित करने हेतु सीडीओ का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के उप प्राचार्य एनके सिंह, आरके सिंह, आनन्द कुशवाहा, संदीप मलिक, राघवेंद्र यादव आदि उपस्थित रहे।

शराब पीने से मना करने पर नाराज मामा ने की आत्महत्या

बहराइच। जनपद के देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान एक भांजे ने अपने मामा को शराब पीने से मना किया जिससे नाराज होकर मामा ने विषैला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों ने बहराइच के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया । जहां पर इलाज के दौरान मामा की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार जनपद के देहात कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव चौखड़िया के रहने वाले 55 वर्षीय बड़कऊ के यहां दो दिन पहले लड़के की शादी थी जिसकी वधू विदाई का कार्यक्रम चल रहा था ।इसी दौरान मृतक बड़कऊ शराब पिए हुए था और अधिक शराब पीने के लिए जा रहा था तभी उसके भांजे ने उसे शराब पीने से मना किया। जिससे वह नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया ।गंभीर हालत में बड़कऊ को बहराइच के मेडिकल कॉलेज इलाज के लिए लाया गया।

योगी सरकार ने कलंकित किया कुंभः सपा

बलरामपुर। उतरौला के डुमरियागंज रोड पर सपा के पीडीए सम्मेलन में अयोध्या के सांसद अवधेश प्रसाद ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। कहा कि बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का देश के गृहमंत्री ने अपमान किया है। केंद्र की सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है। कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रदेश में नफरत फैलाने का काम कर रहे हैं। सपा सरकार में चार बार कुंभ का शानदार आयोजन किया गया था। योगी सरकार में महाकुंभ कलंकित हुआ है। गंगा माता के पवित्र जल को सरकार ने अपवित्र कर दिया है। दलितों पिछड़ों अल्पसंख्यक का उत्पीड़न चरम पर है। आरक्षण कोई भीख नहीं हमारा अधिकार है। प्रभु श्री राम की धरती पर बेटियों की इज्जत लूटी जा रही है, जिससे मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम की मर्यादा कलंकित हुई है। विधानसभा के उपचुनाव में हार का दर्द भी छलका, बोले कि मिल्कीपुर में बाबा साहेब के मताधिकार का अधिकार छीन लिया गया और वोट पर डाका डाला गया है।

डीएम एसपी ने इंडो-नेपाल बॉर्डर पर किया पैदल गस्त

शकुन टाइम्स संवाददाता

बलरामपुर। जिलाधिकारी बलरामपुर पवन अग्रवाल व पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार द्वारा महाशिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखनें हेतु इंडो नेपाल बॉर्डर पर पैदल गस्त किया गया। इंडो नेपाल बॉर्डर पर अवांछनीय गतिविधियों की रोकथाम के दृष्टिगत बार्डर पर सघन चेकिंग का जायजा लिया गया पेट्रोलिंग के दौरान भारत नेपाल की सीमा पर सटे गावों के ग्राम सुरक्षा समिति व सम्भ्रान्त व्यक्तियों को बार्डर व उनके आस पास के अवांछनीय गतिविधियों,तत्वो की जानकारी होने पर उसकी तत्काल सूचना पुलिस को दिये जाने हेतु बताया गया जिससे अवांछनीय गतिविधियो,तत्वों पर प्रभावी अकुंश लगाया जा सके।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी योगेश कुमार व अन्य अधिकारी कर्मचारी गण

पीएसएम वर्ल्ड स्कूल में धूमधाम से मनाया गया प्रथम वार्षिक उत्सव

शकुन टाइम्स संवाददाता

महराजगंज। पनियरा विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित पीएसएम वर्ल्ड स्कूल कुआं चाप में रविवार को प्रथम वार्षिक उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में एमएलसी एवं उत्तर प्रदेश भाजपा के राज्य उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह तथा पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। विद्यालय के अध्यक्ष व पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह एवं प्रधानाचार्या डॉ. रेखा मल्लैया ने सभी अतिथियों, अभिभावकों व स्थानीय नागरिकों का स्वागत किया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें नृत्य, नाटक और देशभक्ति गीतों ने सभी का मन मोह लिया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षणिक गतिविधियों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पंकज चौधरी ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि आने वाली पीढ़ी को समर्पित शिक्षण संस्थान राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय प्रशासन को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. रेखा मलैया ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस वार्षिक उत्सव में बड़ी संख्या में अभिभावकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की भव्यता और भी बढ़ गई। इस दौरान मौके पर ब्लाक प्रमुख वेद प्रकाश शुक्ल, जिलाध्यक्ष संजय पांडे चेयरमैन उमेश चंद्र जायसवाल, चेयरमैन आनंद शंकर वर्मा, चेयरमैन राजेश जायसवाल, चेयरमैन राकेश जायसवाल, राम आजा निषाद, बबलू यादव, जयनाथ सिंह,, कुआन चाप ग्राम प्रधान प्रतिनिधि वीरेंद्र निषाद,जनार्दन सिंह, मंजू दूबे, महेंद्रनाथ, विकेन्द्र सिंह, अंगद सिंह, विरेन्द्र सिंह प्रधान, राजेश्वर मद्धेशिया, आफाक आलम खां, मनोज कुमार राव, योगेन्द्र यादव, मनोज प्रधान सहित विद्यालय के छात्र छात्राएं, अभिभावक, शिक्षक आदि लोग मौजूद रहे।

डीएम ने स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय योजनान्तर्गत बने एमआरएफ सेंटर भिनगा का किया औचक निरीक्षण, दिया निर्देश

श्रावस्ती। डीएम अजय भारत मिशन-नगरीय के तहत नगर पालिका भिनगा में बने मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटर का निरीक्षण कर जायजा लिया और वहां उन्होंने कचरा प्रबंधन के बारे में जानकारी की। जिसके बाद उन्होंने ईओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। बता दें कि नगर पंचायत कार्यालय परिक्षेत्र में एसएलआरएम (ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन) योजना के अंतर्गत कूड़ा निस्तारण के लिए एमआरएफ (कचरा संग्रहण केंद्र) सेंटर संचालित किया जा रहा है। जहां नगर से एकत्र किए जाने वाले कूड़े से विभिन्न प्रकार के अपशिष्ट निकालकर उन्हें पृथक किया जाता है। इस कार्य में कई श्रमिक भी कार्य करते हैं। डीएम ने ईओ से जाना कि क्या पूरे नगर से यही कूड़ा एकत्र होता है। तो उन्होंने बताया कि वार्डो से ही गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग लाया जाता है। इस पर डीएम ने बाकी वार्डो से भी सूखा व गीला कूड़ा अलग अलग एकत्र करने के निर्देश दिए। सूखे कूड़े को विभिन्न प्रकार से पृथक करके बाजार में बिक्री किया जाए तथा गीले कूड़े का खाद बनाकर उसे कंपोस्ट बनाकर किसानों को दिया जाए। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से सभी नगर निकायों को यह प्रबंधन अपनाना होगा। इस दौरान डीएम ने वहां पर लगे मशीनरी तथा उपकरण आदि की भी जानकारी ली तथा व्यवस्थापूर्ण ढंग से संचालन हेतु सम्बन्धित को निर्देशित भी किया।

मंत्री से मिल, छात्रावास मरम्मत पर किया चर्चा

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियां। क्षेत्र के निरंतर विकास के लिए प्रत्यनशील भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय शनिवार को लखनऊ में भागीदारी भवन में यूपी सरकार के समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण से मुलाकात कर अपने प्रधान सम्पादन की राष्ट्रीय मासिक पत्रिका दूरदर्शी दर्पण का महाकुंभ विशेषांक भेंट किया।



वही चहनियां में अनुसूचित जाति छात्रावास के मरम्मत के संदर्भ में विस्तृत चर्चा किया। इस दौरान समाज कल्याण मंत्री को भेंट करते हुए मासिक पत्रिका के बारे में इसमे महाकुंभ की विविध जानकारियां, समाज से जुड़े तथ्य, बच्चो के पढ़ाई से सम्बंधित जानकारियां, देश और प्रदेश की राजनीति, ज्ञान गंगा और सिनेमा आदि कालम के बारे में जानकारियां दिया। इसके बाद अरबिंद पाण्डेय के प्रयास से चहनियां में अनुसूचित छात्रावास मरम्मत के लिए पास हुए 44.36 लाख रुपये से गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के लिए राज्य मंत्री से लंबी वार्ता हुआ। जिसमे अरबिंद पाण्डेय ने सभी सुविधाओं और रँगरोपन की बात कही। राज्यमंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति छात्रावास के मेधावी छात्रों को चयनित करके शहरी कोचिंग सेंटरों में नि:शुल्क शिक्षा का प्रावधान सरकार की योजना में किया गया है। चहनिया जैसे पिछड़े ग्रामीण इलाके की प्रतिभाओं को बेहतर शिक्षा मिल सके इसके लिए और अधिक प्रयास किया जाएगा। उन्होंने सामाजिक हितों के लिए प्रयास करने हेतु भाजपा नेता अरविन्द पाण्डेय की सराहना करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने जिन एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने की बात कही है उसकी संकल्पना भी आपमें पूर्ण हो रही है। उन्होंने निविदा के बाद इसका शिलान्यास करने स्वयं आने का आश्वासन भी दिया है। इस दौरान कन्नौज के गोपाल पाण्डेय,साहिल ढल,नितेश त्रिपाठी आदि लोग उपस्थित रहे।

सन्त निरंकारी द्वारा बलुआ घाट की गई साफ-सफाई

शकुन टाइम्स संवाददाता

चहनियां (चंदौली)। बलुआ स्थित पश्चिम वाहिनीं गंगा तट पर शतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की कृपा से 75वां आजादी के अमृत महोत्सव प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत स्वच्छ जल स्वच्छ मन को ध्यान रखते हुए बाबा हरदेव सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष में सन्त निरकारी मिशन के चहनियां, धानापुर, डेढ़ावल, रामगढ़, टाण्डाकला ब्रांच के करीब 200 सेवादारों द्वारा साफ सफाई किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सन्त निरंकारी मिशन द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत बलुआ घाट पर सर्वप्रथम प्रार्थना किया गया। फिर सेवादारों ने बलुआ बाजार होते हुए पूरे पश्चिम वाहिनीं घाट की साफ सफाई किया। इस दौरान मुखी डॉ.नीलम राम ने बताया कि यह कार्यक्रम अमृत महोत्सव के अंतर्गत किया जा रहा है। मिशन का उद्देश्य मानव से मानव प्रेम करे। जो आज दिख नही रहा है।

हर मनुष्य के प्रति मानवता दिखाना,लोगो से प्रेम से बात करना हम सबका उद्देश्य है। ये तभी खत्म होगा जब हम अपने अंदर परिवर्तन लाएं। आज इंसान के अंदर इंसानियत खत्म हो गयी है। सबसे पहले लोगो को नशे से दूर रहना होगा। क्योंकि नशा भी मानवता,सम्बंध खत्म करने में अहम भूमिका निभाता है। अपने घरों के आसपास साफ सुथरा रखे इस दौरान जय सिंह, सुनील मुखी, बीरेन्द्र मुखी, छोटेलाल, हरिश्चन्द्र, मुकेश सिंह, जोखन, राजनाथ आदि सेवादार उपस्थित रहे।

संक्षिप्त सामाचार

एसएसपी ने थाना बढ़पुरा का निरीक्षण किया

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना बढ़पुरा का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

मारपीट के मामले में नहीं करें गवाही, अन्यथा जान से मार देंगे

बस्ती। मुकदमे में गवाही देने की बात को लेकर विवाद में मुंडेरवा पुलिस ने केस दर्ज किया है। रेवली निवासी नासरीन का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षियों ने 23 अक्तूबर 2024 में घर में घुसकर अपशब्द कहा। मना करने पर मारने लगे। शोर मचाने पर पति मो. सईद दौड़कर बचाने आए। उन्हें पकड़कर मारपीट कर जानमाल की धमकी दी। अगर तुम्हारे जेठ ने मुकदमे में गवाही दी तो उन्हें भी जान से खत्म कर दिया जाएगा। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर शमशाद, अरमान, शहाबुद्दीन व गुड़िया के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

संविदा पर नौकरी दिलाने के नाम पर साढ़े 19 लाख का गोलमाल

बस्ती। सीएमओ कार्यालय में संविदा पर नियुक्ति कराने के नाम पर साढ़े 19 लाख रुपये के हेरफेर का मामला सामने आया है। आरोप है कि 17 युवकों को संविदा पर नौकरी दिलाने के लिए कुल साढ़े 24 लाख रुपये आरोपी ने लिया। नौकरी नहीं लगने पर सिर्फ पांच लाख रुपये वापस किया, शेष पैसा हड़प लिया। बाकी रकम मांगने पर हत्या कराने की धमकी दी। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। शहर कोतवाली के काली कुंज बैरिहवां मोहल्ला निवासी अनूप श्रीवास्तव ने तहरीर में बताया है कि वह 2017 में एपीएन डिग्री कॉलेज में संविदा पर पढ़ाते थे। इसी दौरान सीएमओ कार्यालय में संविदा पर भर्ती के लिए विज्ञापन निकला था। आरोप है कि उनके मित्र अजय श्रीवास्तव ने भरोसा दिलाया कि मैं भर्ती करा दूंगा।

इसके बाद एपीएन डिग्री कॉलेज में 17 छात्रों द्वारा अजय कुमार श्रीवास्तव को नौकरी के लिए 24 लाख 50 हजार रुपये देना तय हुआ। इसमें 15 लाख रुपये अमानुल्लाह उर्फ बब्लू के माध्यम से 5-5 लाख कर तीन बार में नकद दिया गया। परीक्षा के समय साढ़े सात लाख रुपया सचिन श्रीवास्तव के माध्यम से अजय को दिया गया। शेष 2 लाख रुपये उन्होंने खुद अजय श्रीवास्तव को दिया।

मदरसा बोर्ड की परीक्षा खत्म गैर हाजिर रहे 306 परीक्षार्थी

बस्ती। उप्र मदरसा शिक्षा परिषद सेकेंडरी व हॉयर सेकेंडरी की आखिरी दिन की परीक्षा शनिवार को हुई। पहली पाली की परीक्षा नौ केंद्रों पर तथा दूसरी पाली की छह केंद्रों पर आयोजित हुई। दोनों पालियों में कुल 1503 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। कुल 306 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दिया। परीक्षा छोड़ने वालों में सर्वाधिक संख्या 272 बालकों की रही। जिला अल्पसख्यक कल्याण अधिकारी अमित प्रताप सिंह ने बताया कि किसी भी केंद्र से गड़बड़ी की सूचना नहीं मिली है। शुचिता के साथ परीक्षा आयोजित की गई है। अब जल्द ही कापियों के मूल्यांकन का कार्य शुरू होगा। पहली पाली की परीक्षा सुबह आठ बजे से नौ परीक्षा केंद्रों पर शुरू हुई।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर आरोग्य मेले का आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

गहमर। स्थानीय गांव के न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। प्रत्येक रविवार की तरह सुबह 9 बजे से मरीजों के आने का क्रम शुरू हो गया। अस्पताल पर पहुंचे मरीजों के स्वास्थ्य की जांच कर दवा वितरित की गयी। अस्पताल पर मौजूद चिकित्सक अंकित सिंह एवं वार्ड ब्वाय दीपक उपाध्याय सभी मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर दवा वितरित किये। रविवार को जन आरोग्य मेले में दोपहर 2 बजे तक 42 मरीजों के स्वास्थ्य की जांचकर दवा दी गयी। इस बाबत डॉक्टर अंकित सिंह ने बताया कि इस समय बुखार, सर्दी, जुकाम, खांसी, सांस,एलर्जी, शुगर आदि के मरीज काफी आ रहे हैं।अस्पताल पर पर्याप्त मात्रा में दवाएं उपलब्ध हैं।

बिजली विभाग के सेटिंगबाज जेई के राईट हैंड संविदा कर्मी का रिश्वत भरी आडियो वायरल

20 हजार दे दो सेटलमेंट कर दूंगा वरना जो बिल भेजी जायेगी उसे भरना पड़ेगा

पीड़ित ईंट-भट्ठा संचालक ने बिना कनेक्शन के रिश्वत मांगने का जेई और उनके राईट हैंड पर लगाया गंभीर आरोप

शकुन टाइम्स संवाददाता

गाजीपुर। योगी सरकार में इतनी हिम्मत कि कोई कर दे भ्रष्टाचार और मांग दे रिश्वत। लेकिन अब कुछ ठीक इसके उल्टा ही हो रहा है। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर एक ऑडियो व वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें पहाड़पुर (नंदगंज) इलाके में स्थित एक ईंट-भट्ठा संचालक से सैदपुर डिविजन में पहाड़पुर फीडर से जुड़े बिजली विभाग के एक संविदाकर्मी द्वारा सेटलमेंट के नाम पर 20 हजार रुपये रिश्वत की खुलेआम डिमांड की जा रही है। हालांकि इस दौरान भट्ठा संचालक द्वारा साफ शब्दों में कह दिया गया है कि उसने विभागीय नियम के विरुद्ध कोई काम नहीं किया है। इसलिए वह रिश्वत की इतनी रकम नहीं देगा। ऑडियो कॉल में साफ सुनाई दे रहा है कि रिश्वत मांगने वाला संविदाकर्मी कह रहा है कि साहब 20 हजार रुपये से नीचे की रकम पर बिल्कुल तैयार नहीं हो रहे है। यदि रिश्वत की रकम नहीं मिली तो बिजली का बिल जो बढ़ाकर भेजा जायेगा उसे तुम्हे जमा करना होगा। ऐसे में सवाल तो यह उठता है कि आखिर किसके सह पर संविदाकर्मी मोटी रकम मांग रहा है कहीं जेई की मिलीभगत तो नहीं, यह तो अब जांच का विषय है।

पूरे मामले पर एक नजर -

मामला ईंट-भट्ठें से जुड़ा हुआ है। संचालक विक्की खान का कहना है कि उन्होंने भट्ठे पर नये कनेक्शन के लिए बिजली विभाग में आवेदन कर दिया है। ज्यादा से ज्यादा तीन-चार दिनों में उन्हें कनेक्शन का कागज मिल जायेगा। इस दौरान पहाड़पुर फीडर से जुड़े जेई दीपक कुमार और कुछ कर्मचारी उनके भट्ठे पर आये और चेकिंग करने लगे। मेरे द्वारा मौके पर सिर्फ वायरिंग कराई गई थी। मैंने कोई अवैध कनेक्शन भी नहीं लिया था। जेई के कहने पर कर्मचारी बिजली के खम्भे पर भी चढ़कर चेक किये, लेकिन वहा भी कोई कनेक्शन जुड़ा नहीं पाया गया। मेरे द्वारा कहा भी गया कि साहब जब तक कनेक्शन से सम्बंधित रशीद मुझे नहीं प्राप्त होती तब तक मैं अवैध रुप से बिजली नहीं यूज करुंगा। उस वक्त भी वहा मौजूद एक संविदाकर्मी ने मुझसे कहा कि 50 हजार रुपये दे दो सेटलमेंट करा दूंगा। विक्की खान की वीडियो रिकार्डिंग से साफ पता चल रहा है कि उन्होंने पैसा देने से मना कर दिया। इसके बाद उक्त संविदाकर्मी जो क्षेत्र में पूर्व से ही काफी चर्चित रहा है उसने मोबाइल पर फोन करके कहा कि 20 हजार रुपये दे दो काम हो जायेगा।

यूपी सरकार की जीरो टालेंस की नीति को लगा रहे पलीता-

यूपी सरकार भले ही भ्रष्टाचार समाप्त करने का दावा ठोंक रही है, लेकिन जिले के बिजली विभाग के ऑफिस में आने के बाद इसका पोल खुल जा जा रहा है। यहा तो सरकारी से लेकर संविदाकर्मी तक भ्रष्टाचारी रुपी ड्रम में डूबे हुए है। बिल संसोधन से लेकर मीटर व कनेक्शन चेकिंग के नाम पर खुलेआम धन उगाही की जा रही है। सैदपुर डिविजन के पहाड़पुर फीडर से जुड़ा यह मामला विभाग में फैले भ्रष्टाचार को उजागर कर रहा है।

सेटिंगबाज जेई ने कथित पत्रकार से किया सेटिंग -

सूत्रों की मानें तो मामला उजागर होने के बाद पहाड़पुर फीडर पर तैनात जेई दीपक कुमार ने एक कथित पत्रकार को मोंटी रकम देकर सेटिंग कर लिया है सूत्र यह भी बताते हैं कि जेई की तैनाती करंडा क्षेत्र के चोचकपुर पावर हाउस पर भी है वहीं से भी जेई के राईट हैंड विभाग का एक कर्मचारी आकर कथित पत्रकार और जेई से मोटी रकम दिलवाकर सेटलमेंट करवाया।

वर्जन-

मामला संज्ञान में आने पर अधिशासी अभियंता द्वारा अवगत कराया गया है कि संबंधित अधिकारी को निर्देशित कर दिया गया है कि जल्द से जल्द जांच कर समस्या का सामाधान करा दिया जाएगा (पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड)

95 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद, तस्कर दबोचा गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

गाजीपुर। भांवरकोल पुलिस ने साढ़े पांच लाख कि शराब सहित तस्कर को किया गिरफ्तार। तस्कर शराब कि बड़ी खेप बिहार ले जा रहा था। मालूम हो कि भांवरकोल पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक ट्रक में शराब लाद कर तस्कर बिहार जा रहा है। मुखबिर से सूचना मिलते ही मच्छटी चौकी इंचार्ज ओमवीर सिंह ने बढ़नपुरा पुलिया पर सघन अभियान चलाया तभी एक फर्जी ट्रक नम्बर P{®CT4239 आता दिखाई दिया।

जिसे रोककर पुलिस ने चेकिंग किया तो पाया कि 95 पेंटी (4560पाउच) 8PM अंग्रेजी शराब जिसकी किमत 5.5 लाख आकी गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तस्कर समेत माल को बरामद कर लिया। भांवरकोल थानाध्यक्ष विवेक तिवारी ने बताया कि 22 फरवरी शनिवार कि शाम 05:30 बजे तस्कर सूरज यादव (26वर्ष) पुत्र हरिमंगल यादव निवासी खलीलपुर हुर्मुजपुर हाल्ट थाना बहरियाबाद गाजीपुर का रहने वाला है। पुलिस ने ट्रक समेत शराब व तस्कर गिरफ्तार कर मुकदमा पंजीकृत कर आगे कि कार्रवाई जारी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी, उप निरीक्षक ओमवीर सिंह, हेड कांस्टेबल कमला प्रसाद, हेड कांस्टेबल वंश नारायण सिंह, बलवंत सिंह आदि शामिल रहे।

अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे तीन रहागीर मजदूर युवक को रौंदा, तीन की मौत

शकुन टाइम्स संवाददाता

अदलहाट/मिर्जापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर पर पथरौरा उसरापर के पास शनिवार/ रविवार की रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पैदल अपने घर जा रहे तीन मजदूर युवकों को रौदते हुए फरार हो गया, तीनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार शिव पुजन पुत्र राज कुमार उम्र22 वर्ष व विकास पुत्र मिठाई उम्र20 वर्ष निवासी मुसेपूर थाना अदलहाट मीरजापुर व संदिप ऊर्फ नन्हे पुत्र पारस नाथ उम्र 23 वर्ष निवासी भोभौरा थाना जमालपुर जो बम्बईया मिठाई बेचकर अपने घर भोभौरा जा रहा था । साथ मे मजदूरी कर के पैदल अपने घर जा रहे थे जैसे ही पथरौरा उसरापर के पास पहुंचे की अहरौरा के तरफ से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पटरी पर चल रहे तीनो मजदूरो को रौदते हुए फरार हो गया । जिससे तीनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई । रात मे उपनिरीक्षक अभय नारायण सिंह अपने हमराहियो के साथ गश्त पर थे, कि इनकी नजर सड़क के किनारे पड़े छत विछत शव पर पड़ा पास जाकर देखा तो तीनो मृत पड़े थे । जिसमे दो का पहचान था था क्षेत्र के मुसेपूर ग्राम निवासी शिव पुजन पुत्र राज कुमार व विकास पुत्र मिठाई के रूप में हुई जिसमे एक का शिनाख्त नहीं हो पाया । घटना की सुचना पर क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव ने घटना स्थल पर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा अज्ञात वाहन के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया । पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । घटना की सूचना मिलने पर परिजनों मे कोहराम मच गया ।

चंद्रजीत पटेल तीसरी बार उपजा के तहसील अध्यक्ष चुने गए

शकुन टाइम्स संवाददाता

सकलडीहा। यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के सकलडीहा तहसील इकाई की महत्वपूर्ण बैठक रविवार को कस्बा स्थिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में हुई। जिसमें कुल 50 पत्रकार सदस्य उपस्थित रहे। इस बीच निर्वाचन अधिकारी संतोष यादव के देख रेख में चुनाव की प्रक्रिया आरंभ हुई। जिसमें सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से चंद्रजीत पटेल सोनू को तीसरी बार तहसील अध्यक्ष चुन लिया। उपस्थित सदस्यों के प्रस्ताव पर निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें निर्वाचित घोषित कर दिया। बैठक की अध्यक्षता आशीष विद्यार्थी एवं संचालन अरविंद पटवा ने किया। इस दौरान रविशंकर पांडेय, अजय सिंह, श्रवण कुमार, नीरज अग्रहरि,

संतोष यादव, उमेश मोदनवाल, सुधींद्र पांडेय, राहुल मिश्रा, अमित कुमार, महेंद्र प्रताप गोंड़, अरविंद सिंह रिंकू, रामू प्रसाद रस्तोगी, अरुण सिंह, पुनवासी यादव, आलोक पांडेय, न्याज अहमद खां, राज बहादुर सोनकर, संदीप कुमार सिंह, अनिल गुप्ता, मनोज कुमार यादव, संदीप कुमार यादव, अबुल कैश डब्बल, विष्णु वर्मा, अखिलेश कुमार, कृष्णा वर्मा, शंकर प्रसाद गुप्ता, रघुनाथ प्रसाद गोंड़, अभय सिंह, राकेश यादव रौशन, सौरभ कुमार, राधेश्याम पांडेय, राजकुमार प्रसाद, रमेश कुमार, संत दयाल यादव, अवधेश यादव, अलीम हाशमी, कृष्ण कुमार गुप्ता, फरीदुद्दीन, दीनबन्धु दीनानाथ, विनीत कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार राय, राजकुमार, संजय कुमार पांडेय, गणेश कुमार, अनुराग पांडेय, सरोज कुमार पांडे, अभिषेक पांडेय सोनू, प्रभुनाथ पांडेय, प्रभात सिंह, राजेश कुमार आदि रहे।

अभियंताओं ने एक स्वर से निजीकरण का किया विरोध

शकुन टाइम्स संवाददाता

हमीरपुर। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के तत्वावधान में विद्युत व्यवस्था सुधार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विभागीय कर्मियों ने निजीकरण का विरोध किया। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के तत्वावधान में रविवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय प्रांगण में केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर विद्युत व्यवस्था सुधार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सभी अवर अभियंता सम्मिलित हुए। गोष्ठी में ऊर्जा प्रबंधन द्वारा प्रस्तावित विद्युत विभाग के पीपीपी, निजीकरण के संबंध में पूरे दिन चर्चा परिचर्चा हुई। कार्यक्रम में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाकर जनता को सुविधाजनक बनाने के लिए सुधारों को लागू कराए जाने की बात कही गई। वहीं विभाग का निजीकरण राजस्व घाटे को दिखाते हुए किया जा रहा है परंतु राजस्व की पूर्ति के लिए विभाग द्वारा तय किए गए यार्ड स्टिक मानक के अनुसार संसाधन एवं मानव बल के उपलब्ध न होने से प्रबंधन के द्वारा तरह-तरह के फिजूल खर्च करने से ज्यादा वृद्धि हुई है। गोष्ठी में सभी सदस्यों ने निजीकरण का विरोध किया, साथ ही विभाग को निजीकरण से बचाने एवं उपभोक्ता सेवा देने का संकल्प लिया। गोष्ठी में अवर अभियंता जतिन सोनी, कार्तिकेय त्रिपाठी, रविकांत अनुरागी, महेश चंद्र तिवारी, राजू प्रसाद, सतेंद्र गुप्ता आदि मौजूद रहे।

अंतिम अमृत स्नान के लिए ट्रेनों में उमड़ रही श्रद्धालु की भीड़

सुमेरपुर। महाकुंभ के आखिरी अमृत स्नान के लिए श्रद्धा का ज्वार लोगों के अंदर उमड़ रहा है। पूर्व के स्नानों की तरह अंतिम स्नान में हिस्सा लेने के लिए लोगों की भीड़ रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड में उमड़ रही है।

रविवार को रेलवे स्टेशन में की गई पड़ताल के बाद पता चला कि अन्य स्नान की तरह अंतिम स्नान में भी शामिल होने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। आगामी 26 फरवरी को महाकुंभ का अंतिम स्नान महाशिवरात्रि पर्व पर है। अंतिम अमृत स्नान में हिस्सा लेने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। कस्बा निवासी अरुण प्रकाश तिवारी, राधेश्याम तिवारी, राजकुमार द्विवेदी, रमाशंकर,अवधेश कुमार, प्रदीप कुमार, पप्पू सोनी, रामबाबू सोनी, राकेश गुप्ता आदि ने बताया कि वह भीड़ से बचने के लिए दो दिन पूर्व ही प्रयागराज के लिए सुबह ट्रेन पकड़ने आए हैं। ताकि भीड़ से बचकर सकुशल प्रयागराज पहुंचकर कल्पवासियों के साथ इस धार्मिक आयोजन का आनंद उठा सकें। सुबह दोनों मेमू ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। दोपहर में कानपुर से प्रयागराज जाने के लिए इंटरसिटी एक्सप्रेस भी खचाखच भरी हुई थी। जिससे सहज अंदाजा लग रहा है कि लोगों के अंदर अंतिम अमृत स्नान के लिए श्रद्धा का सैलाब उमड़ रहा है। स्टेशन प्रबंधक अमानुद्दीन ने बताया कि अन्य दिनों की तुलना में रविवार को प्रयागराज जाने के अधिक टिकट बिके हैं।

डीएम एसपी की मौजूदगी में भाजपाइयों ने कांवड़ ला रहे भोलो पर पुष्प वर्षा की।

नजीबाबाद। मंडावली थाना क्षेत्र स्थित भागुवाला में शिविर कैम्प का आयोजन किया गया शिविर में डीएम जसजीत कौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा,भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह, आदि भाजपाइयों ने कांवतियों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें फल वितरित किए गए। डीएम व एसपी ने कांवड़ ला रहे भोलो का उत्साहवर्धन कर सभी व्यवस्थायो का जायज़ा लिया इस जिसके बाद दोनों अधिकारी मोटा महादेव मंदिर पहुचे वहा मौजूद काँवड़तियो के लिए जी गई व्यवस्थायो का निरिक्षण किया एसडीएम व सीओ को निर्देशित किया गया इसके बाद मोटा महा देव के दर्शन कर शिवलिंग पर जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की।

किडडू प्ले स्कूल में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

शकुन टाइम्स संवाददाता

बहराइच। शहर के मोहल्ला नाजिरपुरा स्थित किडडू प्ले स्कूल के सभागार में जिला स्वास्थय विभाग के सहयोग से सामाजिक संगठन गौतम गाजी मानव सेवा संस्थान एवं मल्टीटास्कर्स फाउंडेशन द्वारा एकदिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,यह शिविर जिला स्वास्थ विभाग के संक्रामक रोग प्रभारी आफाक अहमद के नेतृत्व में आयोजित किया गया, जिसमें लगभग 150 मरीजों का उपचार कर उनकी निशुल्क जांच एवं दवाएं उपलब्ध कराई गई,इस अवसर पर नेत्रों की जांच एवं 70 वर्ष से अधिक लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

तथा एक विशेष शिविर महिलाओं के लिए कैंसर स्क्रीनिंग का भी आयोजित किया गया,जिसमें लगभग 50 महिलाओं ने अपनी-अपनी जांच कराईद्य अंत में

आयोजन समिति द्वारा आफाक अहमद प्रभारी जिला संक्रामक रोग नियंत्रण कक्ष बहराइच को मेमोन्टो देकर उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया गया।इस अवसर पर डॉक्टर अजीमुल्ला खान, डा0मकबूल हैदर जाफरी, डा0 अदिति सैनी, डा0 प्रिया, डा0 सानिया,विध्याचल दिवेदी, किरण मिश्रा, अब्दुल रहमान खान, रिंकू यादव, समीर खान,जावेद, बंशीलाल, उमेश चंद्र, अब्दुल रहीम,मो शारिब,उजेर अहमद,हाजी नूर अहमद, स्कूल के डायरेक्टर शादाब अन्सारी, फाउंडर प्रिंसपल नूरे फिरदौस व अध्यापिका शुमैला मुस्तकीम,इकरार जाहिद आदि मौजूद रही।

हत्यारोपी प्रॉपर्टी डीलर के निर्माण पर चला बुलडोजर

एलडीए ने सरकारी जमीन पर गिराया निर्माण

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के काकोरी के बेहटा में अंकित लोधी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस मामले में आरोपी प्रॉपर्टी डीलर गोलू यादव ने आठ बीघा सरकारी जमीन पर कब्जा कर निर्माण करा लिया था। एलडीए ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से निर्माण गिरा दिया।

वहीं, पुलिस आरोपी की तलाश में कानपुर और उन्नाव में दबिश दे रही है। चार संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। साथ ही किसान नेता की तलाश भी की जा रही है। काकोरी इलाके में बुधवार रात प्रॉपर्टी डीलर अंकित लोधी मेड़ी लाल की बेटी की शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से वापस आते समय बेहटा के अबरार पान सेंटर पर गोलू यादव, सुमित कन्नौजिया, अखिलेश और टउवा यादव से विवाद हो गया। आरोपियों ने अंकित के बहनोई को तमंचा मारा। विरोध करने पर अंकित की दो गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपियों गोलू यादव और उसके साथी कार लेकर उन्नाव की तरफ भाग निकले। इस आधार पर पुलिस की एक टीम को उन्नाव भेजा गया है। तीन अन्य टीमें गोलू यादव के साथियों की तलाश कर रही है। अंकित लोधी की हत्या किए जाने के बाद से ही इलाके में आक्रोश है। परिवार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहा है। इसे लेकर गुरुवार को प्रदर्शन भी हुआ था। वहीं, एलडीए ने भी हत्यारोपी प्रापर्टी डीलर गोलू यादव की संपत्ति की जांच शुरू की। जिसमें करीब आठ बीघा सरकारी जमीन गोलू यादव ने कब्जा करने की बात सामने आई। शनिवार को एलडीए की टीम बुलडोजर लेकर बेहटा स्थित गोलू यादव की प्लाटिंग में बने निर्माण को गिरा दिया। हत्यारोपी गोलू यादव और उसके साथियों के संबंध कानपुर के एक नेता से हैं। यह बात पुलिस को पूछताछ में पता चली। अंदेशा है कि गोलू, सुमित, अखिलेश और टउवा उन्नाव के रास्ते कानपुर गए हैं। जहां नेता के संरक्षण में है। यह तथ्य सामने आने पर एक टीम कानपुर भेजी गई है। गोलू यादव के साथ एक किसान नेता भी प्लाटिंग करता है। हत्या और आरोपियों को भगाने में किसान नेता की भूमिका भी संदिग्ध मिली है। ऐसे में पुलिस आरोपी को हिरासत में लेने की तैयारी में है।

अफसरशाही ने किया महाशिवरात्रि के प्रति प्राचीन शिवालयों का निरीक्षण

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। बता दे कि जैसे-जैसे महाशिवरात्रि नजदीक आती जा रही है तो उधर हापुड़ डीएम श्रीमती प्रेरणा शर्मा व एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह भारी पुलिस बल के साथ कर रहे हैं जनपद के प्राचीन शिवालयों का निरीक्षण, दोनों अधिकारियों ने थाना हापुड़ नगर के अंतर्गत लगने वाले गांव सबली एवं थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के अंतर्गतगांव छपकोली मंदिरों का किया निरीक्षण, जहां पर कानून व्यवस्था कर लिया गया जायजा एवं प्राचीन मंदिरों में साफ सफाई को लेकर किया गया आदेशित, बता दो की महाशिवरात्रि के प्रति यातायात भी काफी महत्वपूर्ण रहता है जिसको लेकर काफी गंभीर नजर आए अधिकारी, तो उधर महाशिवरात्रि पर सुरक्षा व्यवस्था के प्रति भी अलर्ट है अधिकारी तो वही दिए गए अधिकारियों द्वारा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश, इस मौके पर हापुड़ सीओ सिटी जितेंद्र शर्मा, सिटी कोतवाली मुनीष प्रताप तथा बाबूगढ़ थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता भारी पुलिस बल के साथ नजर आए।

संक्षिप्त सामाचार

नशा मुक्ति केंद्र संचालक को अगवा कर छीने 57 हजार रुपये, मोबाइल लूटकर कार से फेंका

लखनऊ। मलिहाबाद के कसमण्डी कला में शनिवार शाम सरेराह नशा मुक्ति केंद्र संचालक को बदमाशों ने कार से अगवा कर लिया। विरोध पर मारपीट कर करीब 57 हजार रुपये लूट लिए। उसके बाद चलती कार से पीड़ित को फेंककर आरोपी फरार हो गए। पीड़ित ने मलिहाबाद कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने अपहरण और लूट से इंकार कर कार और बाइक टकराने का विवाद में मारपीट की बात कही। जिसके आधार पर पुलिस ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज की है। रहीमाबाद निवासी विपिन कुमार नशा मुक्ति केंद्र चलाते हैं। शनिवार शाम वह बाइक से कसमंडी स्थित उमा हॉस्पिटल में भर्ती दोस्त की खैरियत लेने जा रहे थे। मलिहाबाद चौराहे के पास पहुंचने पर दो कार टकरा गई। जिनके बीच विवाद होने लगा। यह देख विपिन बीच बचाव करने के बाद वह बाइक लेकर कसमण्डी कला के पास पहुंचा। तभी कार सवारों ने ओवरटेक कर उसे रोका और जबरन कार में बैठा कर भाग निकले। दोस्त के इलाज के लिए रखे 57 हजार रुपये और मोबाइल भी आरोपियों ने लूट लिए। कार सवारों के चंगुल से छूटने पर उसे दोबारा अगवा किया गया। रहीमाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भतोईया पुल पर चलती कार से फेंक बदमाश फरार हो गये। इंस्पेक्टर मलिहाबाद बैजनाथ सिंह ने बताया कि विपिन की शिकायत पर जांच की गई। मलिहाबाद चौराहे पहुंच कर पूछताछ करने पर पता चला कि कार और बाइक में टक्कर हुई थी। जिसके बाद ही पीड़ित ने अपहरण और रुपये लूटने का आरोप लगाया। इंस्पेक्टर का तर्क है कि कार सवार लोग महाकुम्भ स्नान कर हरदोई जा रहे थे, तभी यह वारदात हुई।

केसरीखेड़ा आरओबी पर ब्रेक, जूझ रही पांच लाख आबादी

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित कृष्णानगर मेट्रो स्टेशन से करीब दो किलोमीटर अंदर इंद्रलोक कॉलोनी से केसरीखेड़ा के बीच रेलवे क्रॉसिंग पर निर्माणाधीन आरओबी भूमि अधिग्रहण न होने से फंस गया है। इससे रेलवे क्रॉसिंग से सटी महाराजापुरम, पंडितखेड़ा, गंगाखेड़ा सहित आसपास की लगभग पांच लाख आबादी भीषण ट्रैफिक जाम से जूझती है। पीक आवर्स में स्कूली बच्चें, नौकरीपेशा जाने वालों को काफी दिक्कत होती है। इससे परेशान लोगों ने सेतु निगम से निर्माणकार्य जल्द पूरा करने की मांग की। साथ ही रेलवे क्रॉसिंग से सटी कॉलोनीवासियों के सुगम आवागमन के लिए रेलवे अंडरपास निर्माण और पंडितखेड़ा की तरफ क्लोवर लीफ निर्माण की मांग की। क्षेत्रीय लोगों ने विधायक से लेकर सांसद तक शिकायत कर चुके हैं, लेकिन सिवाएं आश्वासन के कुछ नहीं मिला। लखनऊ-कानपुर रेल सेक्शन पर कृष्णानगर-केसरीखेड़ा क्रॉसिंग पर रोज 60-62 बार रेलवे फाटक बंद होता है।

इससे वाहन चालकों को 15-20 मिनट तक इंतजार करना पड़ता है। स्थानीय लोगों की मांग पर रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने राज्य सरकार और रेलवे को ओवरब्रिज निर्माण के लिए पत्र लिखा, जिसके बाद सेतु निगम, रेलवे और पीडब्ल्यूडी की संयुक्त टीम ने सर्वे किया और 973.56 मीटर लंबा दो लेन ओवरब्रिज निर्माण का प्रस्ताव तैयार किया। शासन स्तर से 08 जुलाई 2023 को 74.48 करोड़ रुपये की मंजूरी भी मिल गई। इसके बाद सेतु निगम ने रक्षा मंत्री से 17 जुलाई 2023 को केसरीखेड़ा ओवरब्रिज का शिलान्यास कराया और फरवरी 2024 से निर्माणकार्य शुरू किया गया।

केशव मौर्य ने अखिलेश-राहुल पर साधा निशाना

कहा- ये लोग देश का भला नहीं कर सकते

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को विपक्षी समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि परिवारवाद तथा तुष्टीकरण की राजनीति करने वाले कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते।

केशव प्रसाद मौर्य ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, जो सिर्फ परिवारवाद और तुष्टीकरण की राजनीति करते हैं, वो कभी प्रदेश और देश का भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा, विकसित भारत और विकसित यूपी बनने तक कमल की आँधी जारी रहेगी। न अखिलेश, न राहुल गांधी--देश की जनता को अब सिर्फ मोदी और भाजपा पर भरोसा है।'' मौर्य ने कहा 2024 हो या 2029, विकास और आत्मनिर्भरता की राह पर भारत आगे बढ़ता रहेगा।

सपा ने संत गाडगे की मनाई जायंती

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर रविवार को स्वच्छता के प्रणेता व सामाजिक समरसता के प्रतीक संत गाडगे की जयंती सादगी से मनाई गई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र चौधरी ने संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपने संदेश में कहा कि संत गाडगे महाराज ने अपने जीवन को मानव सेवा और आध्यात्मिकता के लिए समर्पित किया। उन्होंने सादगी और स्वच्छता के माध्यम से समाज को एक नई दिशा दी। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल, पूर्व सांसद अरविंद कुमार सिंह मौजूद रहे।

जिसने दिया पनाह, उसी की पत्नी की सोशल मीडिया में उछाली इज्जत

अश्लील हरकत के बाद वायरल की फोटो

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। बाजारखाला में नौकरी न मिलने पर अब्दुल्ला को परेशान देख पीड़ित परिवार ने नौकरी लगवायी। मौका देख आरोपी ने घर आकर दोस्त की पत्नी से अश्लील हरकत शुरू कर दी। यही नहीं चुपके से महिला के मोबाइल से फोटो हासिल कर ली।

आरोपी की करतूत पीड़िता ने पति को बतायी तो दोस्ती खत्म कर उसे नौकरी से हटवा दिया। इसके बाद आरोपी ने अश्लील फोटो बनाकर पीड़िता को ब्लैकमेल किया। सफल न होने पर फोटो मोहल्ले में वॉयरल कर दी। पीड़िता ने बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुराना हैदरगंज निवासी जरीना (काल्पनिक नाम) ने बताया कि पति और देवर की बाजारखाला काली टंकी के पास रहने वाले अब्दुल्ला शेख से दोस्ती है। दोस्ती के चलते अब्दुल्ला अक्सर घर आता था। कुछ समय पहले पति ने ही एक कंपनी में अब्दुल्ला की नौकरी लगवाई थी। इसका एहसान मानने के बजाए अक्सर आरोपी घर आकर उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। पीड़िता ने कई बार नजरअंदाज करते हुए अब्दुल्ला को समझाने का प्रयास किया। इसके बाद भी आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। परेशान होकर पीड़िता ने आपबीती पति को बता दी। जिसके बाद दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ। पीड़ित पति ने घर से भगाने के साथ ही अब्दुल्ला को नौकरी से भी निकलवा दिया। इसके बाद आरोपी ने ओछी हरकत करनी शुरु कर दी। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में अब्दुल्ला ने घर आकर उसकी फोटो मोबाइल से ट्रांसफर ले ली। नौकरी जाने से नाराज आरोपी ने पीड़िता को फोटो एडिट कर अश्लील बनायी। उसके बाद फोटो दिखाकर पीड़िता को ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी ने उसकी अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर दी। मोहल्ले के कई लोगों को भी यह फोटो शेयर किए। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष कुमार आर्य ने बताया कि जांच की जा रही है। पत्नी की फोटो वायरल करने पर पति ने अब्दुल्ला का विरोध किया था। आरोपी पर फोटो हटाने का दबाव डाला गया, लेकिन वह नहीं माना। महिला और उसके पति को धमकी दी कि तुम्हारी जिंदगी खराब कर दूंगा। आरोपी की हरकत के चलते वैवाहिक जीवन में परेशानी आनी शुरु हो गयी। गलतफहमी के चलते पति ने उसे मायके में छोड़ दिया।

ट्रस्ट ने कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया

शकुन टाइम्स संवाददाता

हापुड़। शनिवार को गढ़ रोड स्थित शालोम चेरिटेबल ट्रस्ट कार्यालय पर क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम किया गया, जिसके मुख्य अतिथि रहे हापुड़ सीडीओ हिमांशु गौतम, क्षय रोग अधिकारी डां राकेश कुमार,जिला पी पी एम समन्वयक सुशील कुमार, जीएस मेडिकल कॉलेज के डिप्टी डायरेक्टर मनोज सिसोदिया , इन सभी का किया आभार व्यक्त ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह एवं ट्रस्ट महिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका ने, उन्होंने बताया कि कार्यक्रम काफी अच्छा रहा तथा बाहर से आए सभी अतिथियों का हम आभार व्यक्त करते हैं उन्होंने काफी कीमती समय हमारे कार्यक्रम में दिया तथा हम सरकार के सपने को पूरा करने के लिए हर उस कदम को उठाएंगे जिसके लिए हमारा देश बहुत जल्द टीबी मुक्त हो, आगे भी हमारे ट्रस्ट लगातार क्षय रोगियों के लिए सेवा जारी रखेगी तथा जो ट्रस्ट अन्य कार्य कर रही है उन्हें भी लगातार ट्रस्ट के सभी सदस्य है लेकर चल रहे हैं, तो वही जिला पी पी एम समन्वयक सुशील चौधरी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा क्षय रोजगार को निशुल्क पोषण योजना के अंतर्गत प्रति महा ?1000 क्षय रोगियों को उनके अकाउंट में दिए जा रहे हैं साथी पोषण पोटली का भी सरकार सहयोग कर रही है, तो वही जिला क्षय रोग अधिकारी डां राकेश कुमार ने की जमकर ट्रस्ट की सरहाना कार्य को लेकर, तथा ट्रस्ट कार्यालय पर लगाया फिर नारा टीबी हारेगा हमारा प्यारा भारत देश जीतेगा तथा बहुत जल्द हम अपने देश को मेहनत से टीबी मुक्त होगा, तुम्हें कार्यक्रम में मौजूद रहे ट्रस्ट अध्यक्ष अजीत सिंह, ट्रस्ट महिला अध्यक्ष डॉक्टर प्रियंका, नीरज, मनोज सिसोदिया, प्रदीप, संजय, प्रशांत, बिट्टू, रविकांत विश्वकर्मा, शिवदत्त प्रसाद, मदन ओम राय, नानक चंद शर्मा, हशमत अली, आशा सोमानी, प्रीति, मानवी, क्षमा, भारती सिंह, रेशमा यादव, राखी, रजनी, कौशल, बिंदु इत्यादि उपस्थित रहे।

टीवी देखने पर पिता ने डांटा तो छात्र ने लगा लिया फंदा

शकुन टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पारा के बुद्धेश्वर इलाके में कक्षा-9 के छात्र फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि टीवी देखने पर पापा ने फोन पर डांटा था। इसके बाद से वह नाराज था। हसनगंज इलाके में युवक ने फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली।

बुद्धेश्वर निवासी महेंद्र पाल सिंह उन्नाव स्थित प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। बेटा सुश्रुत पार्थ (16) भपटामऊ स्थित सिद्धार्थ पब्लिक स्कूल में कक्षा-9 का छात्र था। मामा महेश पाल सिंह ने बताया कि जीजा महेंद्र शुक्रवार को ड्यूटी पर गए थे। शुक्रवार दोपहर उन्होंने घर पर फोन किया तो सुश्रुत टीवी देख रहा था। इसपर उन्होंने उसे डांटा और टीवी बंद कर पढ़ाई करने के लिए कहा। डांट से क्षुब्ध सुश्रुत किसी से कुछ बोले बिना अपने कमरे में चला गया।

कुछ देर बाद मां उसे देखने कमरे में गई तो वह वहां नहीं था। कई आवाज देने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। दूसरे मंजिल पर जाने के लिए वह जीने पर गई तो दरवाजा दूसरी तरफ से बंद था। इसके बाद वह पड़ोसी की छत से उतरकर तीसरे माले पर बने कमरे में गई तो सुश्रुत पंखे के कुंडे से दुपट्टा के फंदे से लटका हुआ था। चीख सुनकर आसपड़ोस के लोग दौड़े। आनन-फानन में उसे फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने सुश्रुत को मृत घोषित कर दिया। परिवार में एक छोटी बहन है।

वहीं, हसनगंज के डालीगंज स्थित अतुल चौराहे के पास रहने वाले आशीष सक्सेना (21) ने शनिवार सुबह कमरे में फंदा लगा लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोहे का गेट तोड़ा। आनन-फानन में फंदे से आशीष को उतारकर ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने छानबीन की लेकिन कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

इस्लाम छोड़कर दो युवकों ने अपनाया सतनातन धर्म

लखनऊ। यूपी की राजधानी लखनऊ में मंत्रोचारण के बीच दो लोगों ने इस्लाम धर्म छोड़कर सनातन धर्म अपना लिया। मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या गिरि और शिया वक्फ बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र नारायण सिंह सेंगर (पूर्व नाम वसीम रिजवी) की मौजूदगी में दोनों की घर वापसी का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। पंडित अमरनाथ मिश्र ने पूजन कराया। इसके बाद दोनों लोगों का गंगा जल से शुद्धीकरण किया गया। वैदिक रीति रिवाज से तिलक लगाकर नाम परिवर्तन किया गया। इस्लाम धर्म मानने वाले बिजनौर निवासी सरफरात अहमद का नाम बदल कर राजन मिश्रा रखा गया और शाहजहांपुर निवासी गुलनाज को विराट शर्मा नाम दिया गया। मनकामेश्वर मठ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में दोनों ने हिन्दू धर्म अपनाते हुए दोनों लोगों ने दावा किया कि उन्होंने अपनी मर्जी से सनातन धर्म में आए हैं। अब इन दोनों युवकों को हर महीने तीन-तीन हजार रुपये भी दिए जाएंगे।

रोजी कीड़े बदरंग कर दे रहे मलिहाबादी आम

लखनऊ। करीब 19100 हेक्टेयर में फैली फल पट्टी की अपनी दिक्कतें हैं। दुनिया तक दशहरी आम के लिए विख्यात फल पट्टी के बागवान आम के कीड़ों से जंग लड़ रहे हैं। हर वर्ष फसल खराब हो रही है। उत्पादन लागत बढ़ती जा रही है। स्थानीय मंडी में उचित दाम नहीं मिलता। प्रोसेसिंग चार्ज लगातार बढ़ता जा रहा है। फसल में कीटों, रोग लग जाने से निर्यात लायक उत्पादन नहीं हो पाता। इससे आम का उचित मूल्य नहीं मिलता। हिन्दुस्तान टीम ने बागवानों के बीच उनकी दिक्कतें जानने की कोशिश की। बागवानों ने फसल को बचाने की गुहार लगाई। सभी का कहना था कि आम की फसल बचाने के लिए सरकारी स्तर पर भी प्रयास हों। कीटनाशक दवाएं महंगी हो गई हैं। बौर बचाना मुश्किल हो जाता है। फल लग गए तो कीट दागी कर देते हैं। लिहाजा बाजार में दाम नहीं मिल पाता। सरकारी मदद मिले, कीट पतंगों पर रोक लगे तो फल पट्टी अपने उत्पाद की महंक दुनिया तक पहुचा सकती है।

फोन नहीं उठा तो कॉल सेंटर पहुंच गईं महापौर

दो ऑपरेटरों पर दिया कार्रवाई का आदेश

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। स्मार्ट सिटी लखनऊ के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर की हकीकत जानने के लिए महापौर सुषमा खरकवाल ने फोन किया। 9 मिनट तक उनका फोन रिसीव नहीं हुआ। दूसरी बार में फोन उठा तो ऑपरेटर ने ठीक से बात नहीं की। इस पर महापौर खुद कॉल सेंटर पहुंच गईं औरदो दिनों की कॉल रिकॉर्ड की जांच की। लापरवाही बरतने पर दो ऑपरेटरों पर कार्रवाई के आदेश दिए। नगर निगम के स्मार्ट सिटी लखनऊ के इंटीग्रेटेड कमांड सेंटर के कंट्रोल रूम पर 1533 नंबर पर कॉल जल्दी नहीं उठने की शिकायतें महापौर को मिल रहीं थी। कॉल अटेंड होने पर समाधान समय पर नहीं होता। हकीकत जानने के लिए महापौर ने अपने नंबर से फोन किया। 9 मिनट तक कॉल वेटिंग पर रही, कोई रिस्पांस नहीं मिला। दूसरी बार कॉल उठी तो ऑपरेटर का व्यवहार खराब था। इसके बाद महापौर अपर नगर आयुक्त ललित कुमार के साथ शनिवार को दोपहर 1 बजे स्मार्ट सिटी कार्यालय पहुंच गईं। उन्होंने इस लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार लगाई। दो ऑपरेटरों पर कार्रवाई का आदेश दिया। महापौर ने दो दिनों की कॉल रिकॉर्ड चेक कीं। साथ ही रियलिटी चेक के दौरान कॉल 9 मिनट तक नहीं उठने के प्रकरण की जांच के आदेश दिए।

यूपी में लाखों लोगों को मिलेगा पीएम आवास

पीएम आवास योजना-2, ऑनलाइन आवेदन शूरू

शकुन टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में अपना खुद का आशियाना बनाने का सपना देख रहे लोगों के लिए जरूरी खबर है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। इच्छुक और पात्र लोग पीएम आवास योजना के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। तो आइये जानते हैं कौन लोग इस योजना के पात्र होंगे ?.

अभी उत्तर प्रदेश में 17.70 लाख लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना 1 के तहत लाभ मिला है। अब यूपी में प्रधानमंत्री आवास योजना-2 की शुरुआत हो गई है। उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री आवास योजना 2 के लिए बजट जारी कर दिया गया है। इसके बाद ऑनलाइन आवेदन मांगे जा रहे हैं। इस बार प्रधानमंत्री आवास योजना में 9 लाख रुपये प्रति साल कमाने वाले लोगों को भी शामिल किया जाएगा।

इसका मतलब जिनकी आय सालाना 9 लाख रुपये है और उनके पास खुद का आवास नहीं है तो वह पीएम आवास योजना के पात्र हो सकते हैं। इस बार योजना से 15 से 20 लाख लोगों को फायदा होने वाला है। इसमें विकास प्राधिकरणों द्वारा ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी मकान बनवाकर दिए जाएंगे। जिनके पास अपनी जमीन है और उन्हें इस योजना के तहत घर बनान है तो सरकार उन्हें ढाई लाख रुपये तक अनुदान देगी। वहीं, वरिष्ठ नागरिकों को 30 हजार रुपये का सहायता राशि दी जाएगी. विधवा महिलाओं को 20 हजार रुपये विशेष सहायता राशि के रूप में दी जाएगी। 12 माह में घर बनाने वालों को 10 हजार रुपये पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। बता दें कि पीएम आवास योजना की शुरुआत साल 2015 में की गई थी। इस योजना के तहत ऐसे लोगों को जोड़ा जाएगा, जिसके पास आश्रय न हो। साथ ही जो लोग कच्चे और टूटे हुए घरों में रहते हों, या वे लोग जो बेसहारा और घूमंतू जीवन जीते हों।

इन लोगों को नहीं मिलेगा पीएम आवास

जिसके पास बाइक या ऑटो जैसे वाहन हों
मशीन से चलने वाले कृषि उपकरण हों
जिनका किसान क्रेडिट कार्ड पर 50 हजार या उससे अधिक का लोन हो
ऐसा परिवार जिनका कोई सदस्य सरकार नौकरी करता हो
जिनके पास सरकार में पंजीकृत बिजनेस हो या इनकम टैक्स देते हों
जिनके परिवार का कोई सदस्य 15 हजार रुपये प्रतिमाह से अधिक कमाता हो।
जिस किसी व्यक्ति के पास 2.5 एकड़ या इससे अधिक सिंचित भूमि हो।



सम्पादकीय

शिक्षा में स्मार्टफोन के प्रचलन से एकाग्रता एवं हेल्थ खतरे में

शिक्षा में तेजी से बढ़ते स्मार्टफोन के उपयोग और उसके घातक प्रभावों को लेकर दुनियाभर में हलचल है, बड़े शोध एवं अनुसंधान हो रहे हैं, जिनके निष्कर्षों एवं परिणाम को देखते हुए कड़े कदम भी उठाये जा रहे हैं। शोध एवं अध्ययनों के तथ्यों ने चौंकाया भी है एवं चिन्ता में भी डाला है। पाया गया कि जो छात्र अपने फोन के करीब रहकर पढ़ाई करते हैं, उन्हें ध्यान केंद्रित करने में बहुत मुश्किल होती है, भले ही वे इसका उपयोग न कर रहे हों। स्मार्टफोन के उपयोग से नींद की गुणवत्ता कम होने, तनाव बढ़ने, एकाग्रता बाधित होने, स्मृति लोप होने, अवांछित सामग्री का अधिक उपयोग करने, मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव पड़ने जैसे खतरे उभरें हैं। इन बढ़ते खतरों को देखते हुए दुनियाभर में कम से कम 79 शिक्षा प्रणालियों ने स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। जिसे लेकर, कई देशों में बच्चों की शिक्षा और निजता पर इसके प्रभाव को लेकर बहस जारी है। 'संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन' (यूनेस्को) की वैश्विक शिक्षा निगरानी (जीईएम) टीम के अनुसार, 60 शिक्षा प्रणालियों या वैश्विक स्तर पर पंजीकृत कुल शिक्षा प्रणालियों का 30 प्रतिशत ने विशेष कानूनों या नीतियों के माध्यम से 2023 के अंत तक स्कूलों में स्मार्टफोन पर प्रतिबंध लगा दिया है। भारत में अभी इस ओर कोई कदम नहीं उठाया गया है। सर्वेक्षण के आंकड़े यह संकेत देते हैं कि डिजिटल शिक्षा और स्मार्टफोन के इस्तेमाल में बच्चों की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है। यह बदलाव शिक्षा के क्षेत्र में नए अवसर पैदा कर रहा है, लेकिन साथ ही इसके साथ कई चुनौतियाँ भी हैं, डिजिटल शिक्षा को संतुलित और सुरक्षित बनाना आने वाले समय में एक प्रमुख चुनौती है। डिजिटल शिक्षा के बढ़ते प्रभाव के साथ, यह आवश्यक हो गया है कि स्मार्टफोन और इंटरनेट का सही, संयमपूर्ण और सुरक्षित उपयोग सुनिश्चित किया जाए ताकि बच्चों का विकास सही दिशा में एवं समग्रता से हो। निस्संदेह, शिक्षा के बाजारीकरण और नए शैक्षिक प्रयोगों में मोबाइल की अपेक्षाओं को महंगे स्कूलों ने स्टेटस सिंबल बना दिया है। लेकिन हालिया वैश्विक सर्वेक्षण बता रहे हैं कि पढ़ाई में अत्यधिक मोबाइल का प्रयोग विद्यार्थियों के लिये मानसिक व शारीरिक समस्याएं पैदा कर रहा है। सर्वविदित है कि विभिन्न ऑनलाइन शैक्षिक कार्यक्रमों के चलते छात्र-छात्राओं में मोबाइल फोन का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। तमाम पब्लिक स्कूलों ने ऑनलाइन शिक्षा के लिए मोबाइल फोन का इस्तेमाल अनिवार्य तक बना दिया है। कमोबेश सरकारी स्कूलों में ऐसी बाध्यता नहीं है। लेकिन वैश्विक स्तर पर किए गए सर्वेक्षण से यह तथ्य सामने आया है कि स्मार्टफोन एक हद तक तो सीखने की प्रक्रिया में मददगार साबित हुआ है, लेकिन इसके नकारात्मक प्रभावों को भी नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। ज्यादा मोबाइल का इस्तेमाल करने से पढ़ाई में बाधा आती है, नैसर्गिक शैक्षणिक गुणवत्ता आहत होती है।

भारत में 21 राज्यों के ग्रामीण समुदायों में 6-16 वर्ष की आयु के स्कूली बच्चों के 6,229 अभिभावकों के बीच किए गए अखिल भारतीय सर्वेक्षण से पता चला कि अधिकतर बच्चे पढ़ाई के बजाय मनोरंजन एवं अश्लील सामग्री के लिए स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि जिन छात्रों के पास गैजेट्स हैं, उनमें से 56.6 प्रतिशत ने डिवाइस का इस्तेमाल मूवी डाउनलोड करने और देखने के लिए किया, जबकि 47.3 प्रतिशत ने उनका इस्तेमाल संगीत डाउनलोड करने और सुनने के लिए किया। सर्वेक्षण से पता चला है कि ग्रामीण भारत में 49.3 प्रतिशत छात्रों के पास स्मार्टफोन की पहुंच है, लेकिन उनमें से केवल 34 प्रतिशत ही पढ़ाई के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। वैश्विक स्तर पर, आज दुनिया भर में 6.378 बिलियन स्मार्टफोन उपयोगकर्ता हैं-जो कि कुल आबादी का लगभग 80.69 प्रतिशत है। इसमें दो मत नहीं कि एक समय महज बातचीत का जरिया माना जाने वाला मोबाइल फोन आज दैनिक जीवन की जरूरतों को पूरा करने वाला बेहद जरूरी उपकरण बन चुका है। खासकर कोरोना संकट के चलते स्कूल-कालेजों के बंद होने के बाद तो यह पढ़ाई का अनिवार्य हिस्सा बन गया। आललाइन कक्षाओं के बढ़ते प्रचलन में लगने लगा था कि इसके बिना तो पढ़ाई संभव ही नहीं है। लेकिन नादान बच्चों के हाथ में मोबाइल बंदर के हाथ में उस्तरे जैसा ही साबित हुआ है। निश्चित तौर पर ये उनके भटकाव, गुमराह, दिग्भ्रमित और मानसिक विचलन का कारण भी बना है। इसी कारण कई देशों में स्कूलों में स्मार्टफोन पर बैन लगा दिया है, क्योंकि इन देशों का मानना है कि यह बच्चों की शिक्षा और उनकी गोपनीयता पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। अनेक देशों में हुए सर्वेक्षणों ने स्मार्टफोन के उपयोग से विद्यार्थियों पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों पर चिंता जतायी है। इनकी रिपोर्ट एवं चौंकाने वाले तथ्य भारत में शिक्षा के नीति-नियंताओं की आंख खोलने वाले हैं। यूनेस्को की टीम के मुताबिक बीते साल के अंत तक कुल पंजीकृत शिक्षा प्रणालियों में से चालीस फीसदी ने सख्त कानून या नीति बनाकर स्कूलों में छात्रों के स्मार्टफोन के प्रयोग पर रोक लगा दी है। दरअसल, आधुनिक शिक्षा के साथ आधुनिकीकरण एवं विकास की अपेक्षा को दर्शा कर तमाम पब्लिक स्कूलों में मोबाइल के उपयोग को अनिवार्य बना दिया गया। निस्संदेह, आधुनिक समय में स्मार्टफोन कई तरह से शिक्षा में मददगार है। लेकिन यहां प्रश्न इसके अनियंत्रित एवं अवांछित प्रयोग का है।

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

ललित गर्ग

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है। निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है। मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ हो,

लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का। रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे। दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा।

महाकुंभ के बहाने सनातन के अपमान की पराकाष्ठा

प्रयागराज में दिव्य- भव्य महाकुंभ के आयोजन की तैयारियों के समय से ही इंडी गठबंधन के सभी दलों के नेता किसी न किसी बहाने इसकी आलोचना कर रहे थे किन्तु इसके सफलतापूर्वक संचालित होते हुए देखने के बाद तो वो इसको विफल करने के लिए तरह तरह के प्रयास कर रहे हैं और अपने वक्तव्यों से महाकुम्भ मेले की आड़ में सनातन धर्म और हिन्दू आस्था का निरंतर अपमान कर रहे हैं। खडगे के क्या कुम्भ में नहाने से गरीबी दूर होगी, से शुरू हुआ ये अपमान अब महाकुम्भ को मृत्यु कुम्भ कहने तक जा पंहुचा है। बिहार के चारा घोटाले के मुख्य आरोपी न्यायपालिका की दया से जमानत पर बाहर घूम रहे बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने महाकुंभ को फालतू का कुंभ कहा और फिर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सभी सीमाओं को पार करते हुए महाकुंभ को मृत्युकुंभ कह डाला जिससे संपूर्ण हिंदू समाज आक्रोशित है। मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति में अंधे हो चुके इन सभी दलों के नेताओं को यह महाकुंभ इसलिए रास नहीं आ रहा है क्योंकि यह अब तक का सर्वाधिक सफल महाकुंभ बनने जा रहा है। इस महाकुंभ से सनातन हिंदू समाज की एकता का जो ज्वार उभरा है उससे मुस्लिम परस्त दलों को अपना भविष्य अंधकारमय दिख रहा है। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने जिस प्रकार से महाकुंभ को मृत्युंकुभ कहा है उससे यह साफ प्रतीत हो रहा है कि उन्हें अब 2026 में राज्य के विधानसभा चुनावों में संभावित हिन्दू एकता से भय लगने लगा है। इंडी गठबंधन के कई दलों के प्रमुख नेता जहाँ महाकुंभ की आलोचना कर रहे हैं वहीं उन्हीं दलों के बहुत से नेता वीवीआईपी टीट्रमेंट के साथ गंगा नदी में पुण्य की डुबकी लगा रहे हैं। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह, डीके शिवकुमार, अजय राय, सचिन पायलट यह सभी माँ गंगा में डुबकी लगा चुके हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी ने तो महाकुंभ के खिलाफ एक नियमित अभियान ही चला दिया है। सपा के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर कह रहे है कि हम विरोधी दल हैं हमारा तो काम ही सरकार से व्यवस्थाओं पर सवाल करना है। तो सरकार पर सवाल करो ना, सनातन पर क्यों कर रहे हो ? सपा के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर भी महाकुंभ के खिलाफ खूब दुष्प्रचार किया जा रहा है।

महाकुंभ -2025 पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के लिए सपा सांसद अफजाल अंसारी पर मुकदमा तक दर्ज हुआ है क्योंकि उन्होंने कहा था कि संगम पर भीड़ देखकर लगता है कि स्वर्ग हाउसफुल हो जायगा। उत्तर प्रदेश विधान सभा सत्र में बोलते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ को फालतू कुंभ और मृत्यु कुंभ बताने वालों को सटीक और कड़ा जवाब दिया। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा कि सनातन का आयोजन भव्यता से करना अगर अपराध है तो ये अपराध मेरी सरकार ने किया है आगे भी करेगी। मुख्यमंत्री ने अपने बयान में सपा पर हमलावार होते हुए कहाकि सोशल मीडिया हैंडल देखें तो वहां की भाषा उनके संस्कारों को प्रदर्शित करती है यह भाषा किसी सभ्य समाज की नहीं हो सकती। ये लोग अकबर का किला जानते थे लेकिन अक्षयवट और सरस्वती कूप नहीं जानते थे, ये इनके सामान्य ज्ञान का स्तर है। मुख्यमंत्री ने कहा इतने बड़े सनातन धर्म के आयोजन में कोई भूखा नहीं रहा, महाकुंभ में जो आया वो भूखा नहीं गया। मुख्यमंत्री ने संगम जल की गुणवत्ता पर उठाये जा रहे सभी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त हैं। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि संगम व महाकुंभ को बदनाम करने के लिए लगातार झूठा अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संगम और उसके आसपास के सभी पाइप और नलों को टेप कर दिया गया है और पानी को शुद्ध करने के बाद ही छोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पानी की गुणवत्ता को बनाये रखने के लिए लगातार निगरानी कर रहा है। आज की रिपोर्ट के अनुसार संगम के पास बीओडी की मात्रा 3 से कम है और घुलित ऑक्सीजन 8-9 के आसपास है। इसका तात्पर्य यह है कि संगम का पानी न केवल नहाने के लिए अपितु आचमन के लिए भी उपयुक्त है। हिंदू विरोधी इंडी गठबंधन के नेताओं की हिंदू आस्था पर आघात करने की आदत बन चुकी है। यह सभी दल हीन भावना से ग्रसित हो चुके हैं इन्हें हिंदू समाज का उत्थान, हिंदू समाज का वैभव पसंद नहीं आ रहा है, जाग्रत, एकता से युक्त, एकरस हिंदू समाज इनको पसंद नही आ रहा है इन सभी दलों को मां गंगा की अविरल धारा में अपनी राजनीति समाप्त होती नजर आ रहा है जिस कारण यह सभी एक स्वर में महाकुंभ को मृत्युकुंभ बताने लग गये हैं। वास्तविकता यह है कि समरसता के इस समागम में सनातन संस्कृति साकार हो रही है आम हिंदू जन पहली डुबकी शुचिता की, दूसरी भक्ति की और तीसरी ज्ञान की लगा रहे हैं। यह महाकुंभ- 2025 और संगम एकता, प्रेम, त्याग तपस्या का प्रतीक बन चुका है।

बगिया के लाल विष्णु देव का कमाल: छत्तीसगढ़ में ट्रिपल इंजन की सरकार

विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी। दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है।

छत्तीसगढ़ में इस समय ट्रिपल इंजन की सरकार है। यह संभव हो सका है प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की दूरदर्शी सोच और सुशासन से। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए उन्होंने संवेदनशीलता के साथ हर वर्ग का ध्यान रखकर नीतियां बनायी। परिणाम सबके सामने है। साय सरकार के 14 महीने की अल्पावधि में ही चहुंओर सांय-सांय काम हो रहा है। छत्तीसगढ़ की जनता का विश्वास जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए। नतीजतन, हाल ही में हुए नगरीय निकाय चुनाव में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया। विधानसभा, लोकसभा के बाद अब नगरीय निकायों के चुनाव में भारी सफलता ने विष्णु देव के कुशल नेतृत्व पर मुहर लगा दी है। निश्चय ही ट्रिपल इंजन की सरकार बनने से अब छत्तीसगढ़ में विकास की गति तेज होगी। दूरस्थ आदिवासी अंचल जशपुर के बगिया गांव में विष्णुदेव साय का जन्म 21 फरवरी 1964 को हुआ। तब किसी ने कल्पना नहीं की होगी कि बगिया का यह लाल, एक दिन छत्तीसगढ़ के मुखिया की महती जिम्मेदारी संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रथम निर्विवाद आदिवासी मुख्यमंत्री होने का इतिहास विष्णुदेव साय के नाम पर दर्ज है। उनके सहज, सरल व्यक्तित्व में छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री होने का भाव साफ झलकता है। मृदुभाषी होने के साथ ही प्रशासनिक कसावट को लेकर उनकी छवि ने जन सामान्य का दिल जीत लिया है। वैसे तो पंच से लेकर सरपंच, विधायक, सांसद, केंद्रीय राज्यमंत्री और मुख्यमंत्री बनने तक का उनका राजनीतिक सफर उपलब्धियों भरा है। लेकिन, बीते 14 महीने में मुख्यमंत्री के रूप में उनके द्वारा बनाई गई जनहितैषी नीतियों से सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिल रहा है। विष्णुदेव साय किसान पुत्र हैं। वे किसानों के दुख-दर्द को भलीभांति जानते और समझते हैं। अन्नदाता किसानों की चिंता करते हुए विष्णु देव साय ने सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों का दो साल का बकाया बोनस दिया। 3100 रूपये प्रति क्विंटल की दर से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान की खरीदी सुनिश्चित की। इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आयी है। किसान अब धान की खेती से धनवान बनने की ओर अग्रसर हैं। कोई भी नागरिक खुले आसमान के नीचे नहीं सोएगा, सबका खुद का आशियाना होगा, इसकी चिंता करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 18 लाख से अधिक जरूरतमंद हितग्राहियों के लिए प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति मुख्यमंत्री बनते ही दी। यह उनकी संवेदनशीलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह माता-बहनों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में महतारी वंदन योजना मील का पत्थर साबित हो रहा है। हर महीने करीब 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधा एक हजार रूपये जमा होने से उनके जीवन स्तर में बहुत कुछ बदलाव आया है। माताएं-बहनें आत्मनिर्भर हो रहीं हैं। युवाओं का विश्वास सरकारी व्यवस्था पर से उठने लगा था। पूर्ववर्ती सरकार में पीएससी में हुए बड़े पैमाने पर घोटाले की वजह से युवा खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे थे। युवा, किसी भी देश-राज्य के भविष्य की रीढ़ हैं। पीएससी परीक्षा व्यवस्था में आमूल-चूल परिवर्तन और पारदर्शिता के साथ परीक्षाएं आयोजित होने से युवाओं का भरोसा जीतने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। छत्तीसगढ़ की औद्योगिक नीति को लोकव्यापी और सुगम बनाकर इन्वेस्टर को आकर्षित करने में विष्णु देव साय कामयाब हुए हैं। विकासशील छत्तीसगढ़ में उद्योग के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। विकसित छत्तीसगढ़ बनाने में साय सरकार की नई औद्योगिक नीति निश्चित रूप से मील का पत्थर साबित होगी। धर्म-कर्म-अध्यात्म, सनातन की रीढ़ हैं। चाहे राजिम कुंभ कल्प को पुर्नप्रतिष्ठित करने की बात हो, या प्रयागराज महाकुंभ में छत्तीसगढ़ पवेलियन बनाकर श्रद्धालुओं को सुविधाएं मुहैया कराने की बात अथवा श्रीराम लला अयोध्या धाम दर्शन योजना से प्रदेश के 20 हजार से अधिक नागरिकों को अयोध्या धाम का दर्शन कराने की बात हो, विष्णु देव ने देवतुल्य जनता का बखूबी ख्याल रखा है। सुशासन से समृद्ध छत्तीसगढ़ बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की नीतियां जन-जन के लिए कल्याणकारी और उपयोगी साबित हुई है। लोकतंत्र में जनता के मंशानुरूप और उनके भरोसे को कायम रखकर काम करना कुशल नेतृत्व का परिचायक है। एक के बाद एक लगातार लोकसभा और नगरीय निकाय में मिला बड़ा जनादेश विष्णु देव साय की कुशल रणनीति, साफ नीयत और पारदर्शी शासन व्यवस्था का ही परिणाम है। इन दिनों हर जुबां पर एक ही चर्चा है- सुशासन के दम पर बगिया के लाल विष्णु देव ने कर दिया कमाल।

कप्तान होकर भी मोहम्मद रिजवान ने कर दी घटिया हरकत

हर्षित राणा को जानबूझकर मारी टक्कर

एजेंसी

दुबई। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने रविवार को रन लेने के दौरान तेज गेंदबाज हर्षित राणा को टक्कर मारी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हर्षित ने रिजवान की इस हरकत पर नाराजगी जाहिर की। इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले का सभी क्रिकेट फैंस को इंतजार रहता है। रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के पांचवें मुकाबले के दौरान भी दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच गहमागहमी देखने को मिली। चिर प्रतिद्वंद्वी टीमें चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में रविवार (23 फरवरी) को दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में आमने-सामने हैं। पाकिस्तान की पारी के दौरान कप्तान मोहम्मद रिजवान रन लेने लेते हुए भारत के गेंदबाज हर्षित राणा से सामने से टकरा गए, इससे भारतीय गेंदबाज नाखुश दिखा। पाकिस्तान की पारी में 21वें ओवर के दौरान डीप स्कैवयर लेग की तरफ शॉट खेलकर एक रन लिया। इस दौरान वह पिच पर खड़े हर्षित राणा से जाकर टकरा गए। हालांकि रिप्ले में साफ दिखा कि रिजवान ने जानबूझकर हर्षित राणा से कंधा टकराया। हर्षित राणा अपनी जगह पर खड़े थे, जिसके कारण उन्होंने पाकिस्तान कप्तान को घूरा भी और सवाल भी किया। बाबर आजम और इमाम उल हक के पावरप्ले में आउट होने के बाद मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने पारी को संभाला। दोनों के बीच तीसरे विकेट के लिए 144 गेंद में 104 रन बनाए। कप्तान मोहम्मद रिजवान 77 गेंद में 46 रन बनाकर आउट हुए। अक्षर पटेल ने उन्हें पवेलियन का रास्ता दिखाया। सऊद शकील ने 76 गेंद में 62 रन की पारी खेली। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने भारत के खिलाफ आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के ग्रुप ए के मैच में रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ जीत हासिल करने वाली अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं किया है जबकि पाकिस्तान ने चोटिल सलामी बल्लेबाज फखर जमां के स्थान पर इमाम उल हक को अंतिम एकादश में शामिल किया है।

पाकिस्तान के खिलाफ दबाव में दिखे मोहम्मद शमी

पहले ओवर में डाली 5 वाइड गेंद, जहीर खान को पछाड़ा

एजेंसी

नई दिल्ली। दुबई के इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का पांचवां मुकाबला खेला जा रहा है। पाकिस्तान के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने ग्रुप-ए के मैच में रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पाकिस्तान के खिलाफ पहला ओवर करने उतरे मोहम्मद शमी के नाम एक शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वह वनडे में भारत के लिए एक ओवर में पांच वाइड गेंद डालने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले येरिकॉर्ड जहीर खान के नाम था। शमी चैंपियंस ट्रॉफी में पारी में मैच के पहले ओवर में पांच या उससे ज्यादा वाइड गेंदे डालने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससेपहले तिनाशे पनयांगरा ने 2004 में बर्मिंघम में इंग्लैंड के खिलाफ सात वाइड गेंदें डाली थी। शमी तीन ओवर डालने के बाद ड्रेसिंग रूम में चले गए थे। उन्हें पैर में कुछ दिक्कत हो रही थी। शमी ने पहली बार वनडे में एक ओवर में पांच वाइड गेंद डाली है।

उनसे पहले जहीर खान ने 2003 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक ओवर में 4 वाइड गेंद फेंकी थी 2003 में ही नीदरलैंड के खिलाफ उन्होंने 4 वाइड गेंद फेंकी थी। लक्ष्मीपति बालाजी ने श्रीलंका के खिलाफ 2004 में एक ओवर में 4 वाइड गेंद की थी। आरपी सिंह ने 2007 और 2008 में ऑस्ट्रेलिया और फिर बांग्लादेश के खिलाफ एक ओवर में 4-4 वाइड गेंद डाली थी।

संक्षिप्त सामाचार

कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित

बेलगावी। बेलगावी में चल रहे सीमा विवाद के बीच दोनों राज्यों के बस चालकों को निशाना बनाकर की गई हिंसक घटनाओं की एक श्रृंखला के बाद कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच बस सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। बेलगावी के मरिहाल में कर्नाटक के एक बस कंडक्टर के कथित तौर पर मराठी नहीं बोलने पर की पिटाई के बाद विवाद बढ़ गया। इसी घटनाक्रम में विवाद में शामिल एक नाबालिग लड़की द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद कंडक्टर पर यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया। इसके जवाब में चित्रदुर्ग जिले के हिरियूर तालुक के गुइलाल में महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम के बस चालक के साथ मारपीट की गई और उसका मुंह काला कर दिया गया। महाराष्ट्र पुलिस ने इन घटनाओं के सिलसिले में कई लोगों को गिरफ्तार किया है। जबकि अधिकारियों ने कथित अशोभनीय व्यवहार के लिए कर्नाटक के बस कंडक्टर पर मामला दर्ज किया है। हिंसा के बाद, महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने एहतियात के तौर पर कर्नाटक के लिए एमएसआरटीसी बस सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया। इस बीच कन्नड़ समर्थक कार्यकर्ताओं ने चित्रदुर्ग में बेंगलुरु से मुंबई जा रही एमएसआरटीसी बस को निशाना बनाया, जिससे तनाव और बढ़ गया। इस तरह की घटनाएं दोनों राज्यों के बीच चल रहे सीमा विवाद को बढ़ावा दे रही हैं, जो तनाव का एक प्रमुख कारण है।

रूस की मीरा एंड्रीवा ने जीता दुबई ओपन का खिताब, क्लारा टॉसन को हराया

दुबई। रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टॉसन को 7-6 (1), 6-1 से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल तक के अपने सफर में 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना को हराया।

बिहार के पैरा-स्विमर शम्स आलम कैविनकेयर एबिलिटी अवार्ड से सम्मानित

पटना। बिहार के प्रसिद्ध पैराप्लेजिक तैराक शम्स आलम शेख को कैविनकेयर एबिलिटी अवार्ड 2025 से सम्मानित किया गया है। खेल विभाग ने रविवार को यहां बताया कि यह पुरस्कार उन्हें पैरा-स्विमिंग में उनकी असाधारण उपलब्धियों और अदम्य साहस के लिए दिया गया है। श्री शेख ने हाल ही में आइसलैंड में आयोजित रेकजाविक इंटरनेशनल गेम्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए कई पदक अपने नाम किए।

उनकी मेहनत और लगन न केवल भारतीय पैरा-खेलों को नई ऊंचाइयों पर ले जा रही है बल्कि देशभर के एथलीट्स के लिए भी प्रेरणास्रोत बनी हुई है। अब शम्स आलम स्पेन के बार्सिलोना में आयोजित होने वाली पैरा स्विमिंग वर्ल्ड सीरीज चैम्पियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह टूर्नामेंट उनकी खेल यात्रा में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। श्री शेख ने प्रतिष्ठित सम्मान मिलने पर कहा, कैविनकेयर एबिलिटी अवार्ड प्राप्त करना मेरे लिए गर्व की बात है।

पाकिस्तान के खिलाफ टीम इंडिया को सपोर्ट करने पहुंचे जसप्रीत बुमराह, खिलाड़ियों से की मुलाकात

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत और पाकिस्तान मैच के दौरान टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह का भी साथ मिलेगा। हालांकि, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जस्सी टीम इंडिया का हिस्सा नहीं हैं बावजूद इसके वह दुबई पहुंचे। असल में बुमराह मैदान में बैठकर टीम इंडिया का हौसला बढ़ाएंगे। बता दें कि, जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया टूर पर चोट लगी गई थी। इसके चलते वह आखिरी टेस्ट के फाइनल सेशन में गेंदबाजी भी नहीं कर पाए थे। इस चोट के चलते ही बुमराह पिछले कुछ अरसे से टीम से बाहर हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भी वह जगह नहीं बना पाए थे। इस दौरान उन्होंने टीम इंडिया के सितारों से मुलाकात की और विराट कोहली ने उन्हें गले लगाया। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया था। वहीं टीम ने फखर जमान की जगह इमाम-उल-हक को मौका दिया है। इस रोमांचक मुकाबले के लिए बुमराह भी खुद को बाहर नहीं रख पाए और दुबई पहुंच गए। चैंपियंस ट्रॉफी का ये पांचवां मैच है। अभी तक भारत और पाकिस्तान ने दोनों ने एक-एक मैच ही खेला है।

हार्दिक पंड्या ने फिर से जीता प्रशंसकों का दिल

बोले-चैंपियंस ट्रॉफी में एक और अध्याय हमारा इंतजार कर रहा

एजेंसी

दुबई। भारत के हरफनमौला हार्दिक पांड्या को लगता है कि पिछले साल वेस्टइंडीज में आईसीसी टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद उन्होंने अपने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया है। पांड्या को पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया था। वह गुजरात टाइटंस को छोड़कर वापस मुंबई की टीम से जुड़े थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों ने लगातार उनको निशाने पर रखा था। पांड्या ने हालांकि इस नकारात्मकता को पीछे छोड़कर अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत 2007 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता को जीतने में सफल रहा। पांड्या ने इस टूर्नामेंट में 144 रन बनाने के साथ 11 विकेट भी लिए। हार्दिक पांड्या ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड द्वारा सोशल मीडिया पर जारी किए गए वीडियो में कहा, मेरे लिए जीवन एक पूर्ण चक्र में आ गया है। मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। मैंने उन्हें (प्रशंसकों का दिल) वापस जीत लिया है। भारत अभी चैंपियंस ट्रॉफी में भाग ले रहा है और हार्दिक ने कहा कि खिलाड़ियों का ध्यान अब एक और ट्रॉफी जीतने पर लगा है। उन्होंने कहा, अब नया साल है, एक नया टूर्नामेंट है और नई चुनौतियां हमारा इंतजार कर रहे हैं। फिर से चैंपियन बनने की कवायद शुरू हो गई है। हार्दिक ने कहा, आज हम फिर से नई शुरुआत करने के लिए मैदान पर उतरेंगे। हम एक और दिन में एक और प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए उतरेंगे। चैंपियंस ट्रॉफी में एक और अध्याय हमारा इंतजार कर रहा है। इसलिए एक ऐसे मुकाबले के लिए तैयार हो जाइए जिसको किसी तरह के परिचय की जरूरत नहीं है।

वैश्विक बाजारों की अस्थिरता का सेंसेक्स-निफ्टी पर रहेगा असर

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर लगातार जारी बिकवाली से बीते सप्ताह आधी फीसदी से अधिक लुढ़के सेंसेक्स और निफ्टी पर अगले सप्ताह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ योजना से वैश्विक बाजार की अस्थिरता, विदेशी निवेशकों का रुख और कंपनियों के तिमाही परिणाम का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 628.15 अंक अर्थात् 0.83 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 75311.06 अंक पर आ गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 133.35 अंक यानी 0.6 प्रतिशत कमजोर रहकर 22795.90 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में लिवाली होने से तेजी का रुख रहा। मिडकैप 642.23 अंक अर्थात 1.62 प्रतिशत की छलांग लगाकर सप्ताहांत पर 40374.02 अंक और स्मॉलकैप 444.75 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ 45856 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा टैरिफ बढ़ोतरी के कारण वैश्विक बाजारों में अस्थिरता देखी गई है। यह तनाव भारतीय बाजारों पर भी नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। साथ ही पिछले सप्ताहों में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की लगातार बिकवाली देखी गई है, जिससे बाजार में दबाव बना है। यदि यह प्रवृत्ति जारी रहती है तो आगे भी सेंसेक्स और निफ्टी पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।एफआईआई फरवरी 2025 में अबतक कुल 36976.70 करोड़ रुपये बाजार से निकाल चुके हैं। इनके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक आर्थिक संकेतकों में बदलाव भी घरेलू बाजारों पर प्रभाव डाल सकते हैं। निवेशकों को वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर रखनी चाहिए। साथ ही स्थानीय स्तर पर चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हो रही है। अगले सप्ताह में प्रमुख कंपनियों स्पाइस जेट, आईजीआईएल समेत कई कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार की दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। बीते बाजार में सप्ताह सोमवार की तेजी को छोड़कर अन्य चार दिन गिरावट का रुख रहा। विश्व बाजार की तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, हेल्थकेयर, यूटिलिटीज, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और सर्विसेज समेत ग्यारह समूहों में हुई लिवाली से सोमवार को शेयर बाजार न केवल शुरुआती बल्कि पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरने में कामयाब हुआ।



सेंसेक्स 57.65 अंक की बढ़त के साथ 75,996.86 अंक और निफ्टी 30.25 अंक मजबूत होकर 22,959.50 अंक पर बंद हुआ। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, टाटा मोटर्स और एसबीआई समेत पंद्रह दिग्गज कंपनियों मे हुई बिकवाली से सोमवार को पिछले लगातार आठ दिनों की गिरावट से उबरा शेयर बाजार मंगलवार को फिर गिर गया।

मोदी ने खाद्य तेल के उपभोग में दस प्रतिशत की कमी करने का आह्वान किया

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर में खास कर बच्चों में मोटापे की बढ़ती समस्या को चिंताजनक बताते हुए लोगों से खाद्य तेल के उपभोग में 10 प्रतिशत की कमी करने का आह्वान किया है। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम में कहा, देहरादून में राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन के दौरान मैंने एक बहुत ही अहम विषय उठाया है जिसने देश में एक नई चर्चा की शुरुआत की है - ये विषय है मोटापा। एक फिट और स्वस्थ देश बनने के लिए हमें मोटापे की समस्या से निपटना ही होगा। एक अध्ययन के मुताबिक आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं लेकिन इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुणा बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन का डाटा बताता है कि 2022 में दुनिया-भर में करीब ढाई सौ करोड़ लोगों का वजन ज्यादा था यानि आवश्यकता से भी कहीं ज्यादा वजन था। ये आँकड़े बेहद गंभीर हैं और हम सभी को सोचने पर मजबूर करते हैं कि आखिर ऐसा क्यों हो रहा है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस करेगा 200 करोड़ का निवेश

एजेंसी

दहेज (गुजरात)। गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस ने यहां अपनी अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा का विस्तार करने के लिए 200 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा करते हुये अगले पांच वर्षों में कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य तय किया है।

गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप के प्रोसेस इक्विपमेंट बिजनेस के कार्यकारी उपाध्यक्ष और बिजनेस प्रमुख हुसैन शरियार ने यहां बताया कि यह नया निवेश पहले किये गये 300 करोड़ के निवेश के बाद होने जा रहा है जो घरेलू विनिर्माण को मजबूत करने और भारत के स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है। इस विस्तार का उद्देश्य प्रोसेस इक्विपमेंट विनिर्माण के लिए वैश्विक केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को मजबूत करना है और यह सरकार की मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहलों के साथ सरेखित है। यह राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन और परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र के निजी कंपनियों के प्रवेश देने की बजट घोषणा के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि अभी कंपनी का कारोबार एक हजार करोड़ रुपये का है जिसको अगले पांच वर्ष में बढ़ाकर दो गुना करने का लक्ष्य तय किया गया है। उन्होंने कहा कि मुंबई के विक्रोली स्थित संयंत्र को धीरे धीरे बंद करने की प्रक्रिया शुरू की गयी है क्योंकि वहां लॉजिस्टिक की बहुत समस्या हो रही है। उन्होंने कहा कि दहेज सुविधा के तीसरे चरण विस्तार से वार्षिक विनिर्माण क्षमता लगभग 30,000 मीट्रिक टन तक बढ़ जाएगी, जिसमें विदेशी सामग्रियों के निर्माण के लिए नए धूल-मुक्त बाड़े का विकास, आंतरिक विनिर्माण के लिए समर्पित बे और विस्तारित विनिर्माण यार्ड का विकास सहित उत्पादन स्थान में वृद्धि होगी। इस विस्तार का उद्देश्य रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स जैसी पारंपरिक ऊर्जा परियोजनाओं के साथ-साथ हाइड्रोजन, परमाणु और भूतापीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों के लिए उच्च-स्तरीय और महत्वपूर्ण प्रक्रिया उपकरणों के निर्माण में क्षमता और क्षमता विकसित करना है।

उन्होंने कहा कि विस्तारित सुविधा में एक अतिरिक्त विस्तारित फैब्रिकेशन यार्ड होगा जो बड़े और जटिल प्रक्रिया उपकरणों के निर्माण के लिए समर्पित होगा, जिसमें 16 मीटर व्यास और 140 मीटर लंबाई तक के उपकरण शामिल हैं।

विदेशी मुद्रा भंडार 2.54 अरब डॉलर गिरकर 635.7 अरब डॉलर पर

एजेंसी

मुंबई। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में भारी गिरावट से 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन सप्ताह बाद 2.54 अरब डॉलर लुढ़ककर 635.7 अरब डॉलर पर आ गया। वहीं, इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार तीसरे सप्ताह चढ़ता हुआ 7.7 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 638.3 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 14 फरवरी को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.52 अरब डॉलर की गिरावट लेकर 539.6 अरब डॉलर पर आ गई। वहीं, इस अवधि में स्वर्ण भंडार 1.94 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 74.2 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 17.9 अरब डॉलर हो गया। इस अवधि में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि 1.4 करोड़ डॉलर की तेजी के साथ 4.1 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

हिमालयन एक्सपो का हुआ समापन

एजेंसी

हरिद्वार। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री विकास संस्थान द्वारा यहां प्रेम नगर आश्रम के गोवर्धन हॉल में आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन एक्सपो व भारत डेवलपमेंट स्कीम एक्सपो आज सम्पन्न हो गया। यह प्रदर्शनी 21 फरवरी को शुरू हुई थी जिसमें स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने , किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। इस प्रदर्शनी के आयोजक बालेंद्र कुमार ने बताया कि एक्सपो में देश-विदेश की सैकड़ों कंपनियां और उत्तराखंड राज्य सरकार व भारत सरकार के मंत्रालय ओर विभागों ने भाग लिया। उन्होंने बताया कि ने बताया की प्रदर्शनी में एमएसएमई मंत्रालय भारत सरकार द्वारा देश की लगभग 100 इकाइयों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। सीएसआईआर, उत्तराखंड जल विद्युत निगम, बागवानी विभाग तमिलनाडु, बागवानी विभाग उत्तराखंड, आईसीएआर द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित किया किया गया। प्रदर्शनी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत लक्ष्य से प्रेरित होकर आयोजित की गई है। जिसमें आयुर्वेद, ऑर्गेनिक, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट कृषि, बागवानी, जूट आदि घरेलू उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा। केंद्रीय जल आयोग के उपनिदेशक मोहम्मद अजरूद्दीन अंसारी ने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण के बारे में जागरूक किया गया। साथ ही उन्हें जल प्रदूषण को रोकने के लिए भी प्रेरित किया गया ताकि जल प्रदूषण से होने वाली बीमारियों से बचा जा सके। खादी ग्राम उद्योग विभाग के उपनिदेशक बी एस कंडारी ने बताया कि खादी ग्राम उद्योग विभाग द्वारा भी यहां पर प्रदर्शनी लगाई गई है जिसके माध्यम से खादी के उत्पादनों को यहां पर प्रदर्शित किया जा रहा है।

सुनील भारती मित्तल मानद नाइटहुड से सम्मानित

नयी दिल्ली। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल ने शनिवार को नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सेलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) का प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया। श्री मित्तल को यहां ब्रिटिश उच्चायुक्त के निवास पर मित्रों और परिवार की उपस्थिति में विशेष निवेश समारोह में पदक प्रदान किया गया। भारत में ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरन ने कहा मुझे महामहिम राजा की ओर से सुनील भारती मित्तल को केबीई पदक प्रदान करते हुए खुशी हुई। श्री मित्तल के नेतृत्व ने यू.के.-भारत साझेदारी पर एक स्थायी प्रभाव डाला है, जिसमें भारत-यू.के. सी.ई.ओ. फोरम के साथ उनका काम भी शामिल है। हाल ही में, उन्होंने यू.के. में एक वरिष्ठ भारतीय व्यापार प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, जहाँ उन्होंने प्रधानमंत्री स्टारमर और अन्य कैबिनेट मंत्रियों से मुलाकात की, ताकि दोनों देशों में आर्थिक विकास में तेजी लाने के अवसरों की पहचान की जा सके।

प्रधान सम्पादक, स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, राजकुमार यादव द्वारा राज आफसेट एबीसी काम्पलेक्स अपोजिट शुभम सिनेमा क्वीनटन रोड कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित कराकर 424-बी वैशाली इंक्लेब सेक्टर 9 इंदिरानगर लखनऊ से प्रकाशित।
समस्त विवाद वाराणसी न्यायलय के अधीन होंगे। फोन नं. 9935781155 E-mail :- info.shakuntimes@gmail.com RNI: UPHIN/2012/45286 प्रधान कार्यालय:- शक्तिपीठ, बरईपुर, सारनाथ, वाराणसी (उत्तर प्रदेश) पिन कोड - 221007

बंगलादेश तय करे कि भारत के साथ किस तरह का संबंध चाहता है: जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को बंगलादेश के अंतरिम सरकार के सलाहकारों द्वारा जारी भारत विरोधी बयानबाजी को 'बिल्कुल हास्यास्पद' करार देते हुए कहा कि उसे (बंगलादेश) यह तय करना होगा कि वह भारत के साथ किस तरह का संबंध चाहता है, डॉ जयशंकर ने दिल्ली विश्वविद्यालय साहित्य महोत्सव में बंगलादेश पर एक सवाल के जवाब में कहा, हम अपने पड़ोसियों के साथ संबंध अच्छे होने की कामना करते हैं।

बंगलादेश के साथ हमारा एक लंबा इतिहास है। यह एक बहुत ही खास इतिहास है जो 1971 से चला आ रहा है। उन्होंने 05 अगस्त-2024 को प्रधानमंत्री शेख हसीना को हटाए जाने और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व में सेना समर्थित अंतरिम सरकार की स्थापना का जिक्र करते हुए कहा, अब पिछले साल वहां क्या हुआ, आप सभी जानते हैं। उन्होंने बंगलादेश की स्थिति के दो पहलुओं का हवाला दिया और कहा, ये भारत के लिए बहुत परेशान करने वाला है। एक है बंगलादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की बाढ़। मुझे लगता है कि यह स्पष्ट रूप से कुछ ऐसा है जो हमारी सोच को प्रभावित करता है और यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें बोलना चाहिए, जो हमने किया है। लेकिन जाहिर है कि हम ऐसे संदेश और संकेत नहीं देखना चाहेंगे जो लगातार भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हों। इससे पहले शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अंतरिम सरकार में सलाहकारों द्वारा भारत विरोधी टिप्पणियों और भारत के व्यवहार पर इसके क्या प्रभाव होंगे, इस पर पूछे गये सवाल का जवाब देते हुए कहा, हां, हमने स्पष्ट रूप से ऐसी टिप्पणियों पर ध्यान दिया है जो निश्चित रूप से मददगार नहीं हैं। यह संबंधित व्यक्तियों पर निर्भर करता है कि वे अपने विशेष डोमेन के लिए निहितार्थों पर विचार करें।

अधिवक्ता विधेयक कानूनी बिरादरी की स्वायत्तता पर सीधा हमला: स्टालिन

एजेंसी

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं द्रविड़ मनेत्र कषगम (द्रमुक) के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने रविवार को 'अधिवक्ता संशोधन विधेयक 2025' को कानूनी बिरादरी की स्वायत्तता पर सीधा हमला बताते हुये इसे वापस लेने की मांग की।

श्री स्टालिन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार पर वर्ष 2014 से न्यायपालिका की स्वतंत्रता को व्यवस्थित रूप से कम करने का आरोप लगाया और उससे कानूनी पेशे की स्वायत्तता का सम्मान करते हुए इसे वापस लेने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वत:स्फूर्त और भारी विरोध के कारण मसौदा विधेयक को वापस लेने के बाद, यह कहना कि इस पर पुनर्विचार किया जाएगा और नए सिरे से कार्रवाई की जाएगी, निंदनीय है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने पहले राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग(एनजेएसी) के माध्यम से न्यायिक नियुक्तियों पर कब्ज़ा करने की कोशिश की और फिर न्यायिक नियुक्तियों और तबादलों के लिए कॉलेजियम की सिफ़ारिशों की अनदेखी की है।

संक्षिप्त सामाचार

भारत करेगा महिला शांति सैनिकों के लिए सम्मेलन का आयोजन

नयी दिल्ली। भारत 24 एवं 25 फरवरी को ग्लोबल साउथ से संयुक्त राष्ट्र के शांति अभियानों में भाग लेने वाली महिला शांति सैनिकों के लिए सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। विदेश मंत्रालय द्वारा रक्षा मंत्रालय और संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना केंद्र (सीयूएनपीके) के सहयोग से ग्लोबल साउथ की महिला शांति सैनिकों के लिए पहले सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शांति स्थापना, प्रशिक्षण, क्षेत्रीय सहयोग और क्षेत्र में महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने में प्रौद्योगिकी की भूमिका विषय पर आधारित इस सम्मेलन का उद्घाटन सोमवार को विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) तन्मय लाल करेंगे जबकि समापन मंगलवार को रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ के अभिभाषण के साथ होगा।

महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती पर रन फॉर ट्रुथ का आयोजन

उदयपुर। राजस्थान के उदयपुर में आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की द्विशताब्दी के उपलक्ष में रविवार को एतिहासिक फतहसागर झील की पाल पर आयोजित रन फॉर ट्रुथ में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। नवलखा महल सांस्कृतिक केंद्र की युवा शाखा संयोजक ऋचा पीयूष ने बताया कि फाल्गुन बदी दशमी कृष्ण पक्ष विक्रम संवत 1881 को मोरबी राज्य के टंकारा ग्राम में जन्में महर्षि दयानंद सरस्वती की जयंती के अवसर पर आयोजित सत्य के लिए इस दौड़ के आयोजन के प्रारंभ में सुबह प्रतिभागियों को टी-शर्ट दी गई। जिसे पहन कर सभी आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने योग शिक्षक भारत श्रीमाली के मार्गदर्शन में दौड़ के लिए उपयोगी सूक्ष्म व्यायाम और योगाभ्यास किया।

पंजाब के तीन नगर परिषद चुनावों में कुल 191 उम्मीदवार मैदान में: चौधरी

चंडीगढ़। पंजाब राज्य चुनाव आयुक्त राज कमल चौधरी ने रविवार को बताया कि तरनतारन (जिला तरनतारन), डेरा बाबा नानक (जिला गुरदासपुर) और तलवाड़ा (जिला होशियारपुर) की नगर परिषदों के आम चुनावों के लिए नामांकन वापस लेने की अंतिम तिथि के बाद 191 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए हैं। श्री चौधरी ने बताया कि नामांकन वापसी के बाद चुनाव मैदान में शेष उम्मीदवारों की संख्या क्रमश: तरनतारन में 113, डेरा बाबा नानक में 37 और तलवाड़ा में 41 है। गौरतलब है कि मतदान आगामी दो मार्च को सुबह सात बजे से शाम चार बजे तक होगा, जबकि मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद उसी दिन मतदान केंद्र पर ही मतगणना की जाएगी।

सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर : मीणा

उदयपुर। राजस्थान के राजस्व एवं उपनिवेशन मंत्री हेमन्त मीणा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार विकसित राजस्थान के संकल्प को पूरा करने की ओर अग्रसर है। उदयपुर जिले के प्रभारी मंत्री मीणा रविवार को यहां बजट घोषणाओं की क्रियान्विति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के उपरान्त पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य बजट बजट 2025-26 में जहां एक तरह ढांचागत विकास पर फोकस किया।

कृषि के विकास में राजस्थान की अग्रणी भूमिका-सिंह

एजेंसी

जयपुर। राजस्थान के जयपुर में श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति डा बलराज सिंह ने देश के कृषि विकास में राजस्थान की अग्रणी भूमिका बताते हुए आने वाले समय की चुनौतियों के मद्देनजर जलवायु परिवर्तन, जल की कमी निम्न मृदा पोषक स्तर जैसी विपरीत परिस्थितियों में किसान और कृषि तंत्र को सक्षम बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया हैं। डा सिंह स्टार सोसायटी जयपुर की ओर से विश्वविद्यालय के सहयोग से राजस्थान कृषि अनुसंधान संस्थान (रारी) दुर्गापुरा में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में मुख्य अतिथि के रुप में बोल रहे थे। उन्होंने राजस्थान के कृषि के क्षेत्र में योगदान का उल्लेख करते हुए बताया कि राजस्थान पशुधन की संख्या में प्रथम एवं दूध उत्पादन में द्वितीय स्थान पर है। इसी कारण पशुपालन राज्य की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। कृषि के दूसरे क्षेत्रों में अनार, अमरूद, जीरा, अनाज, दलहन, तिलहन के उत्पादन में भी सार्थक वृद्धि की है। बाड़मेर एवं जालौर जैसे पिछड़े संसाधनों में पिछडे हुए क्षेत्र उद्यानिकी विशेष तौर से अनार, जीरा उत्पादन के क्षेत्र में वृद्धि कर रहे है जो किसानों की मेहनत एवं वैज्ञानिकों के योगदान को दर्शाता है। खाद्यान्न तेलों के आयात को कम करने के लिए सूरजमुखी जैसे फसलों को उगाना वर्तमान समय की आवश्यकता है। इसे न केवल खाद्यान्न तेलों के आयात को कम कर पायेंगें साथ ही शहद उत्पादन को भी इसे बढ़ावा मिलेगा। स्टार सोयायटी के मुख्य संरक्षक एवं राष्ट्रीय संयोजक एवं मंगलायतन विश्वविद्यालय अलीगढ़ के कुलपति प्रो. पी के दशोरा ने अपने उद्बोधन में कृषि की नवीन तकनीकियों के लिए आधार मूल तंत्र विकसित करने पर जोर दिया।

पालघर जिले के भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव ललित माली को नियुक्त किया गया

शकुन टाइम्स संवाददाता

पालघर। जिले के एक बोईसर में सुप्रसिद्ध सामाजिक, धार्मिक एवं शैक्षणिक कार्यों के माध्यम से जनसेवा करने वाले राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित पुखराज माली को भारतीय जनता पार्टी के उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव पद पर नियुक्त किया गया। नियुक्ति के बाद पत्रकारों से दुरभाषा द्वारा बातचीत में ललित माली जी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रति विचार धारा से प्रेरित है उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूरी ईमानदारी से पार्टी का कार्य करेंगे और समाज के हर तरह के लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य करेंगे। भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव के पद पर लालिल माली की नियुक्ति भाजपा पालघर जिला अध्यक्ष भरत राजपूत के दिशानिर्देश पर भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला अध्यक्ष रास बिहारी सिंह (आर.बी.सिंह) द्वारा पालघर जिले के दहानू शहर अंतर्गत स्थित भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत के कार्यालय पर आयोजित विशेष कार्यक्रम के दौरान ललित माली को भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला महासचिव पद पर नियुक्त करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भरत राजपूत, भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के जिला अध्यक्ष आर.बी.सिंह, विनोद पोद्दार व नरेंद्र दहिवडकर की विशेष उपस्थिति में नियुक्त पत्र सौंपा गया। ललित माली की यह नियुक्ति उनके सामाजिक कार्यों व पार्टी के प्रति निष्ठा एवं लगन को देखते हुए की गई है। राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ललित माली को भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के पालघर जिला महासचिव कि नियुक्ति पत्र मिलने पर उनके शुभचिंतक कि खुशी कि लहर दौड़ गई। स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें जिम्मेदार के लिए बधाई दी और भविष्य में सफल कार्य के लिए शुभकामना दी ।

यादव ने संत गाड़गे की जयंती पर दी श्रद्धांजलि

भोपाल। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने समाज सुधारक संत गाड़गे जी महाराज की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। डॉ यादव ने सोशल मीडिया 'एक्स' में लिखा है कि संत गाड़गे जी महाराज का समाज सुधार, शिक्षा, स्वच्छता और सेवा के प्रति अद्वितीय योगदान लोक कल्याण की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री ने संत गाड़गे जी द्वारा तत्कालीन समाज में फैले अंधविश्वास, आडंबर, रूढ़ियों, कुरीतियों और दुर्व्यसनों के खिलाफ जागरूकता लाने के सद्प्रयासों की सराहना की।उन्होंने कहा कि संत गाड़गे जी के विचार और आदर्श अनंतकाल तक समाज का मार्गदर्शन करते रहेंगे। संत गाड़गे जी महाराज ने अपने जीवन में समाज सुधार, विशेष रूप से स्वच्छता व शिक्षा के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उनके विचार और योगदान आज भी प्रासंगिक होकर समाज के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं।

श्रीलंका नौसेना ने 32 भारतीय मछुआरों को किया गिरफ्तार

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। श्रीलंका की नौसेना ने शनिवार आधी रात को अपने क्षेत्रीय जल में कथित तौर पर अवैध शिकार करने के आरोप में 32 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और पांच भारतीय मशीनीकृत मछली पकड़ने वाले ट्रॉलर जब्त कर लिए। मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने प्रारंभिक रिपोर्टों का हवाला देते हुए रविवार को यहां कहा कि रामेश्वरम के रहने वाले मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें मन्नार के उत्तर में समुद्र से मछली पकड़ते समय गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि शनिवार की सुबह तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग से अनिवार्य टोकन प्राप्त करने के बाद मछुआरों के साथ 500 से अधिक नावें रामेश्वरम मछली पकड़ने वाली घाट से नियमित मछली पकड़ने के लिए समुद्र में रवाना हुई थीं।

शत-प्रतिशत पूरा होगा महिलाओं से किया गया वादा: रेखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव के दौरान महिलाओं से जो वादे किये हैं, उन्हें पूरा किया गया।

श्रीमती गुप्ता ने दिल्ली भाजपा के कार्यालय 14 में विधानसभा सत्र को लेकर हुई विधायक दल की बैठक के बाद संवाददाताओं से आज यहां कहा, दिल्ली को लेकर हमने जो वादे किये हैं, वे पूरे होंगे। आम आदमी पार्टी (आप) की पूर्ववर्ती सरकार ने हमारे लिए खाली खजाना छोड़ा है, इसके बावजूद सभी किए गए वादे पूरे होंगे। उन्होंने कहा, सोमवार को विधानसभा का सत्र शुरू होगा। नवनिर्वाचित विधायक शपथ लेंगे और विधानसभा के अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष का चयन होगा। इसके बाद उपराज्यपाल का अभिभाषण होगा। यह तीन दिनों का सत्र है। तीन दिनों के सत्र के दौरान सारे कामों , जो दिल्ली के जनता के हित के लिए हैं, पर चर्चा होगी। सदन में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की रिपोर्ट रखी जाएगी। उन्होंने कहा, सदन का पहला सत्र दिल्ली के लिए नए आयाम लेकर आएगा और बार-बार एक ही बात कहना चाहूंगी कि दिल्ली के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूर्णता खरी है और वादे शत प्रतिशत पूरे किये जाएंगे। श्रीमती गुप्ता ने कहा, पिछले चार दिनों में लगातार बैठकें कर रहे हैं। जो स्थिति पिछली सरकार ने हमारे सामने छोड़ी है, उसे जब अधिकारियों के साथ बैठकर सरकार की वित्तीय स्थिति देखते हैं, तो सारे सरकारी खजाने खाली हैं। उन्होंने कहा, महिला सम्मान योजना को लेकर कई बैठकें कर चुके हैं। आज सरकार का खजाना खाली है। दिल्ली की महिलाओं के लिए हम जरूर लाएंगे, अपने वादे को शत प्रतिशत पूरा करेंगे।जनता की अपेक्षा को पूरी करना हमारी जिम्मेदारी है। साथ ही, जिन्होंने दिल्ली को लूटने का काम किया और ठगने का काम किया तथा जिस झूठ को प्रचारित करने का काम कर रहे हैं, उनका मुंह बंद करवाना हमारा काम है। जनता के एक-एक पैसे का हिसाब लिया जाएगा।

इस मौके पर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि कल से विधानसभा का नया सत्र शुरू होने जा रहा है। हर सत्र से पहले भाजपा अपने विधायकों के साथ बैठ करती है। इसी कड़ी में आज मंत्रिमंडल के सदस्यों और अन्य विधायकों के साथ बैठक हुयी।

शिवराज सिंह चौहान ने किसानों से मखाने की खेती की जानकारी प्राप्त की

एजेंसी

दरभंगा। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान आज दरभंगा के मखाना अनुसंधान केंद्र पहुंचे, जहां उन्होंने किसानों से मखाने की खेती की जानकारी प्राप्त की और किसानों से उन्हें हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया। श्री चौहान का भव्य तरीके से बिहार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, मंत्री हरि सहनी एवं दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर और मधुबनी के सांसद अशोक कुमार यादव ने स्वागत किया। मखाना अनुसंधान केंद्र परिसर में बने तालाब में खुद से उतरकर श्री चौहान ने मखाने की खेती के विषय में मखाना किसानों से जानकारी लिया। मखाना किसानों ने मंत्री के खुद से तालाब में उतर कर खेती की जानकारी लेने से गदगद दिखाई पड़ रहे है। मंत्री ने इस दौरान किसानों से प्रति वर्ष तालाब के आकार के हिसाब से मखाना के पैदावार की जानकारी भी ली है। केंद्रीय कृषि मंत्री ने मखाना किसानों के साथ तालाब में उतरकर किसानों से मखाने की खेती की जानकारी प्राप्त किया और किसानों से उन्हें हर संभव मदद देने का आश्वासन भी दिया। श्री चौहान के साथ उपमुख्यमंत्री श्री चौधरी, श्री सहनी एवं विधायक जीवेश मिश्रा ने भी मखाना के किसानों से खेती के विषय में जानकारी ली है।

तेजस्वी का निस्तेज नेतृत्व राजद की डूबती नैया को पार लगाने में नाकाम: राजीव

एजेंसी

पटना। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को एक अहंकारी नेता बताते हुए कहा कि उनका निस्तेज नेतृत्व राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की डूबती नैया को बचाने में पूरी तरह विफल रहा है।

श्री प्रसाद ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में राजद की करारी शिकस्त के बाद पिछले विधानसभा उप-चुनाव में भी उनकी दुर्गति हुई है लेकिन इन परिणामों से श्री तेजस्वी कोई सबक नहीं ले पा रहे हैं । श्री प्रसाद ने कहा कि राज्य के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर व्यक्तिगत टिप्पणियों से श्री तेजस्वी बार-बार विमर्श की गरिमा कलंकित करते रहे हैं। इससे उनकी साख और विश्वसनीयता लगातार ख़राब हो रही है । उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव द्वारा प्रगति यात्रा को लगातार दुर्गति यात्रा बताया जाना भी दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि राज्य के सभी जिलों को 30 हज़ार करोड़ रुपये की राशि इस यात्रा के दौरान श्री कुमार ने सर्वांगीण विकास के लिए दिया है और इन योजनाओं को राज्य सरकार ने कैबिनेट के ज़रिए मंज़ूरी दी है। जदयू प्रवक्ता ने कहा कि श्री कुमार केवल राज्य के मुख्यमंत्री नहीं हैं बल्कि उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की वजह से उन्हें राज्य के सभी दलों के नेताओं ने उन्हें अभिभावक का सम्मान दिया है। लेकिन श्री तेजस्वी द्वारा उनके विरुद्ध निजी व्यक्तिगत एवं अमर्यादित टिप्पणियों ने यह साबित कर दिया है कि वह रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभा पाने में विफल रहे हैं । श्री प्रसाद ने कहा कि श्री कुमार के कार्यकाल के सुनहरे 20 वर्षों में आधारभूत संरचना, कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण, शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, सिंचाई, बेहतर कानून व्यवस्था, जीडीपी वृद्धि दर, प्रति व्यक्ति आय, पर्यटन, नौकरियों एवं रोजगार के अवसर के साथ विकास के हर पैमाने पर हम लगातार आगे बढ़ रहे हैं। श्री प्रसाद ने दावा किया कि 2025 में राष्ट्रीय जानतांत्रिक गठबंधन (राजग) 2010 से बेहतर प्रदर्शन करने वाली है और श्री कुमार के नेतृत्व में 225 सीटें जनता के आशीर्वाद से जीत कर सरकार बनाएगी वहीं राजद का पूरी तरह से सफाया होना भी तय है।

विस अध्यक्ष 'सेंसर' की तरह काम न करें: महबूबा

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि विधानसभा अध्यक्ष की प्राथमिक भूमिका सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, न कि 'सेंसर' की तरह काम करना। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा, विधानसभा अध्यक्ष अब्दुल रहीम राथर की ओर से कुछ विधायकों द्वारा आगामी बजट सत्र के दौरान उठाए जाने वाले कार्यों के संबंध में विधानसभा में प्रस्तुत किए गए नोटिसों को प्रचारित करने के खिलाफ व्यक्त की गई नाराजगी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रही थीं। सुश्री महबूबा ने रविवार को 'एक्स' पर पोस्ट किया राथर साहब विधायी कार्यवाही की पवित्रता को लेकर चिंतित हो सकते हैं लेकिन अध्यक्ष का मुख्य कार्य सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है, सेंसर का नहीं। उन्होंने कहा, विधायी गतिविधियों में पारदर्शिता और सार्वजनिक जागरूकता को संसदीय प्रथाओं का उल्लंघन नहीं माना जाना चाहिए। इसके विपरीत, जनता को नोटिस, प्रश्नों और प्रस्तावों के बारे में सूचित करने से जवाबदेही बढ़ती है।

RNI : UPHIN/2012/45286
शकुन टाइम्स
(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पंजीकृत

केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री एवं महराजगंज सासद पंकज चौधरी और पनियरा विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह शकुन टाइम्स अखबार को प्रमुखता से पढ़ते हुए

YouTube shakuntimes
आवश्यकता है
भारत के समस्त राज्यों व जिलों में अनुभवी और तेज तर्रार प्रेस रिपोर्टरों की
यदि आप में है गलत को गलत कहने की हिम्मत तो शकुन टाइम्स में आपका स्वागत है
नोट : प्रिंट एवं डिजिटल मीडिया में एक साथ कार्य करने का सुनहरा अवसर
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें :- 9415052283, 9506320127
संपर्क कार्यालय : शक्तिपीठ,सारनाथ,वाराणसी (उ.प्र.) 221007